e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 217

**सुविचार**

जब तक आप अपनी जुबान पर नियंत्रण नहीं रखते तब तक आप भविष्य पर नियंत्रण नहीं रख पाएंगे

# प्रभात मंत्र

बुधवार
09.08.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23


## उद्घाटन समारोह

# झारखण्ड आदिवासी महोत्सव 2023

समृद्ध **आदिवासी जीवन दर्शन** की झलकियां

## मुख्य आकर्षण

- **जनजातीय इतिहास, साहित्य, मानवशास्त्र आदि पर संगोष्ठियां**
  आदिवासी अर्थव्यवस्था, आदिवासी इतिहास, आदिवासी ज्ञान और मानवविज्ञान, आदिवासी साहित्य
- **सांस्कृतिक कार्यक्रम**
  आंध्र प्रदेश का कोम्मु कोया नृत्य
  ओडिशा का परोजा नृत्य
  राजस्थानी वालार नृत्य
  केरल का पालियन नृत्य
  सरायकेला का छऊ नृत्य
  नागपुरी लोक नृत्य
  पाइका नृत्य
  उरांव समुदाय का लोक नृत्य
  गोंड आदिवासी समुदाय का किहो नृत्य
  कर्नाटक का दमनी लोक नृत्य
  अरुणाचल प्रदेश का रेखम पड़ा नृत्य
  असम का का लेवा टाना एवं बिहू नृत्य
  गुजरात का सिद्धी धमाल नृत्य
- **राष्ट्रीय आदिवासी चित्रकला शिविर**
  गोंड पेंटिंग, वारली पेंटिंग, सउरा पेंटिंग और झारखण्ड की समकालीन पेंटिंग
- **आदिवासी फिल्म महोत्सव**
  कैमरा से कविताई
- **परिधान फैशन शो**
  आदिवासी परिधान का प्रदर्शन
- **खान-पान**
  आदिवासी व्यंजन



**मुख्य अतिथि**
**श्री शिबू सोरेन**
माननीय **अध्यक्ष, राज्य समन्वय समिति**
सह **सांसद, राज्यसभा**

**अध्यक्षता**
**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय **मुख्यमंत्री**, झारखण्ड

9 अगस्त 2023
**समय: अपराह्न 12:00 बजे से**
**बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान, रांची**

PR NO-304244 (IPRD) 23-24
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में मेदिनीनगर थाना क्षेत्र के दिव्यांग आकाश कुमार रवि ने उपायुक्त से ईलाज हेतु आर्थिक सहयोग करने की गुहार लगाया, जिस पर उपायुक्त ने अपने निजी स्तर से एक हजार रुपये की आर्थिक मदद की। इसी तरह छतरपुर थाना क्षेत्र के शांति देवी, काली देवी, सबिता तेतरी देवी, शकुंतला देवी, जौतरी देवी, रमणी देवी सहित कई महिलाओं ने उपायुक्त से अम्बेडकर आवास देने की गुहार लगाई। इसी तरह पाटन थाना क्षेत्र के बबलू भुइँया ने उपायुक्त को बताया कि मैं कैंसर जैसे गंभीर रोग से पीड़ित हूँ, जिसका इलाज करवा पाने में असमर्थ हूँ। इसी तरह ग्राम पंचायत गुरुद्वार उर्दवार मंजुराहा के ग्रामीणों ने उपायुक्त से अपने ग्राम पंचायत उर्दवार मंजूराहा के प्रत्येक गांव में 14 वीं एवं 15वीं वित्त आयोग से होने वाले विकास कार्यों को बिना कार्य किए ही राशि के निकासी कर लेने की शिकायत किया। इसी तरह पिपराटांड थाना क्षेत्र के मसो. सतुला बीबी ने उपायुक्त से विधवा पेंशन की राशि पुनः बहाल करने की गुहार लगाई। इसी तरह छतरपुर थाना क्षेत्र के पनपाती देवी ने उपायुक्त से विधवा पेंशन देने की मांग की। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

# पांकी विधायक शशिभूषण मेहता समेत चार बरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला ब्यवहार न्यायालय के एम पी एम एल ए कोर्ट के स्पेशल मजिस्ट्रेट सतीश कुमार मुंडा की अदालत ने मंगलवार को एक मामले में पांकी विधायक शशि भूषण मेहता, राजकमल मेहता, इम्तेयाज अहमद नाजमी, व मो आजाद को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। उपरोक्त चारो पर आरोप था कि आठ अक्टूबर 2007 को बन भूमि पर अवैध पथर खनन कर परिवहन करने के पेशेवर अपराधी अमारीक भुईया को सहयोग करने वास्ते अन्य 30-40ब्यक्तियों के साथ मिलकर जब्त किए गए टैक्टर टेलर सहित पथर लदा हुवा बाजबरजस्ती लूट कर ले गए थे। जिसकी प्राथमिकी सदर थाना में कांड संख्या 408/2007 दर्ज की गई थी जिसमे अनुसंधान उपरांत अंतिम प्रतिवेदन असत्य समर्पित किया गया था तथा मुकदमा समाप्त किया गया था।परन्तु अदालत में इस मामले में आठ गवाहो की गवाही हुई थी। परंतु साक्ष्य के अभाव में अदालत ने शशिभूषण मेहता समेत चार लोगों को बरी कर दिया हैं।

## केपीआईएल कजरी से 20 लाख की कॉपर की चोरी

**पंडवा (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंडवा थाना स्थित केपीआईएल कजरी पंडवा पलामू से गत रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा लगभग 20 लाख की लागत से कॉपर की चोरी कर ली गई है। इस संबंध में कंपनी के एचआर युवराज सिंह ने पंडवा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि गत रात्रि कजरी क्षेत्र केपीआईएल के कैंपस एवं कजरी यार्ड से अज्ञात चोरों द्वारा कॉपर लार्ग स्पेन, कैटनरी वायर, कॉपर जॉपर वायर, स्पेन वायर शामिल हैं। जिसकी लागत लगभग 20 लाख है। थाने को दिये आवेदन में कहा गया है कि कैंपस में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोर साफ दिखाई दे रहा है जिसका फुटेज पंडवा थाना को दी गई है। कंपनी के एचआर युवराज सिंह ने यह भी बताया कि इसकी जानकारी कंपनी के वरीय पदाधिकारी को देते हुए पंडवा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## पुलिस ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान



**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर पुलिस ने थाने के सामने मुख्य मार्ग पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दो अधिक सवारी वाले दो पहिया वाहन चालकों पर कार्रवाई के साथ ही बिना हेलमेट घूम रहे वाहन चालकों और बिना नंबर प्लेट तीन सवारी चल रहे वाहन चालकों के विरुद्ध भी चालान काटा गया। चैनपुर थाना प्रभारी के निर्देशन में एएसआई शाहंशाह के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान में दो पहिया वाहनों की चेकिंग की गई। दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी और बिना हेलमेट मिले वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई। चैनपुर थाना प्रभारी रूपेश कुमार दूबे ने कार्रवाई के बारे में बताया कि चेकिंग लगातार जारी रहेगी। इसके तहत ओवरलोड वाहन, बिना हेलमेट, बिना नंबर प्लेट मिलने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। मौके पर चेकिंग अभियान में एएसआई शाहांशाह समेत कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# एसपी के आदेश पर चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू एसपी रिशमा रमेशन के आदेश पर मंगलवार को ट्रैफिक के प्रभार में एएसआई जगमोहन बांद्रा और ट्रैफिक मुंशी संतोष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में छह मुहान चौक के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान करीब एक दर्जन से अधिक दो पहिया वाहन को बिना हेलमेट पड़कर उसे फाइन के लिए डीटीओ के पास भेजा गया है। वही दूसरी और शहर थाना के एएसआई इंद्रदेव पासवान के नेतृत्व में मंगलवार को शहर थाना के समीप सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान सभी दो पहिया वाहनों को रोककर उसकी तलाशी ली गयी। और वाहन के कागजात की जांच की गयी। इस दौरान बिना कागज और लाइसेंस के वाहन चलाते पकड़े गए सभी वाहनो को इंद्रदेव पासवान के द्वारा फाइन के लिए डीटीओ आफिस भेज दिया गया है।वही वाहन चेकिंग के दौरान एएसआई इंद्रदेव पासवान ने बताया कि लाख मना करने के बाद भी लोग ट्रिपल ड्राइव और बिना हेलमेट के वाहन चलाते दिख रहे हैं।लोग ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर वाहन चला रहे हैं।उन्होंने कहा कि वाहन चेकिंग के दौरान जितने भी वाहन पकड़े गए हैं सभी को चालान के लिए डीटीओ ऑफिस भेजा गया है। उन्होंने कहा कि पहले दोपहिया वाहन चालकों को चेतावनी देकर छोड़ दिया जाता था कि अगले बार से लोग हेलमेट पहनकर बाइक चलाएंगे।परंतु लोग समझने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में ट्रिपल लोडिंग और बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

# मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का पर्यवेक्षण करेगी जिलास्तरीय जांच टीम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** फोटोयुक्त मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024 के पूर्व पुनरीक्षण गतिविधियों का पर्यवेक्षण जांच टीम करेगी। पुनरीक्षण संबंधी सभी कार्यों के उचित पर्यवेक्षण हेतु जिला स्तर पर 11 जांच टीम का गठन किया जायेगा। जांच टीम मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के पूर्व पुनरीक्षण गतिविधियों के तहत बीएलओ, पर्यवेक्षक, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के स्तर से संपादित किए जा रहे कार्यों का सतत पर्यवेक्षण करते हुए जांच प्रतिवेदन जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त को समर्पित करेंगे। उपायुक्त शशि रंजन ने आज निर्वाचन संबंधी समीक्षा बैठक के दौरान उक्त निदेश दिया। बैठक एनआईसी के वीडियो कांफ्रेंसिंग सभागार में वर्चुअल माध्यम से हुई। उपायुक्त ने फोटोयुक्त मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के पूर्व पुनरीक्षण गतिविधियों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कम प्रगति वाले क्षेत्रों के बीएलओ, पर्यवेक्षक, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों आदि पुनरीक्षण कार्य से जुड़े अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबंधी कार्यों में जिम्मेवारी पूर्वक एवं तत्परता के साथ कर्तव्य निर्वहन करना सुनिश्चित करें। विदित हो कि मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण- 2024 कार्यक्रम 21 जुलाई से 21 अगस्त 2023 तक चलाया जा रहा है। पूर्व गतिविधियों के तहत सभी बीएलओ के द्वारा घर-घर सत्यापन का कार्य, बीएलओ रजिस्टर के माध्यम से किया जा रहा है। बीएलओ के द्वारा सत्यापन के क्रम में सभी घरों पर विभाग स्तर से प्राप्त बीएलओ स्टीकर को चिपकाते हुए भ्रमण की दो तिथियां अंकित करना है।

## निर्धारित शुल्क से ज्यादा वसूली कर रहे आधार ऑपरेटरों के विरुद्ध कार्रवाई

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में आधार में गड़बड़ी व निर्धारित शुल्क से ज्यादा वसूली एवं आधार में अन्य तरह की गड़बड़ी कर रहे आधार ऑपरेटरों के विरुद्ध कार्रवाई करने की कवायद प्रारंभ कर दी गयी है.इसी कड़ी में जिले में कुल 3 आधार ऑपरेटरों को काली सूची में डालने हेतु विभाग को चिट्ठी लिखा गया है। उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने यूआईडी के डीपीओ उदय प्रताप सिंह को आधार में गड़बड़ी कर रहे ऑपरेटरों के विरुद्ध लगातार औचक निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया.उप विकास आयुक्त श्री आनंद ने जिले में कार्य कर रहे सभी आधार ऑपरेटर से यूआईडीएआई द्वारा तय मानकों के अनुरूप ही कार्य करने की अपील की। **इन आधार ऑपरेटरों के विरुद्ध हुई कार्रवाई :** आधार में गड़बड़ी कर रहे कुल तीन ऑपरेटर के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। इनमें उंटारी रोड के लहरबंजारी पंचायत के लिए नामित जैश कुमार मेहता व नौडीहाबाजार के शाहपुर पंचायत के लिए नामित समोज कुमार शामिल है। ये पंचायत भवन में आधार का कार्य न करके अपने निजी दुकान में आधार का काम करते थे व मनमाना रकम की वसूली करते थे। वहीं एक अन्य पाटन के कसवाखांड़ पंचायत के लिए नामित ऑपरेटर हुसैन अंसारी को भी काली सूची में डालने हेतु विभाग को लिखा गया है इनके विरुद्ध विभाग को शिकायत प्राप्त हुई थी जिसके पश्चात डीपीओ के जांच में शिकायत को सही पाया गया। ज्ञातव्य है कि यूआईडीएआई की ओर से गड़बड़ी कर रहे ऑपरेटरों के विरुद्ध चिन्हित करते हुए कार्रवाई करने का निर्देश है।

## चावल गबन मामले में तीन पर प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के हरिहरगंज प्रखंड में 341 क्विंटल चावल गबन मामले में आपूर्ति विभाग के तीन पदाधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी का आदेश। डीसी शशि रंजन ने आपूर्ति विभाग के तीन पदाधिकारियों पर प्राथमिकी दर्ज करने का दिया आदेश। ज्ञातव्य है कि राज्य खाद्य निगम के गोदाम से आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकित बच्चों के खिचड़ी पोषाहार के लिए आवंटित खाद्यान गायब हो गया था। डीसी श्री शशि रंजन ने आपूर्ति विभाग के सहायक आपूर्ति पदाधिकारी निर्मल कुमार सिंह, हरिहरगंज के पूर्व एजीएम सरजून राम व वर्तमान एजीएम राजेंद्र सिंह पर प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। उल्लेखनीय है कि हुसैनाबाद के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने इस मामले को संज्ञान में लिया था।श्री सिंह की पहल पर सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को पोषाहार का चावल भी उपलब्ध कराया गया और दोषी के विरुद्ध कार्रवाई भी हुई।

# आजसू पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने मनाया निर्मल महतो का शहादत दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** निर्मल महतो का झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में अमूल्य योगदान रहा है। उनके सपनों का झारखंड हमसब मिल कर तैयार करेंगे। यह बातें आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष दिलीप चौधरी ने कही। वह मंगलवार को आजसू पार्टी के द्वारा हरिहरगंज स्थित पार्टी कार्यालय में निर्मल महतो के शहादत दिवस पर आयोजित समारोह में बोल रहे थे। वही प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह तथा जिला सचिव जीतेन्द्र विश्वकर्मा ने कहा कि निर्मल दा के बलिदान से हमें राज्य के नवनिर्माण की प्रेरणा मिलती है। वे युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं तथा उनके आदर्शों पर चल कर ही सपनों का झारखंड बनाया जा सकता है। इस दौरान शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता आजसू प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने की जबकि संचालन प्रखंड सचिव इरशाद आलम ने किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी, जिला सचिव जितेंद्र विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष रामजी पासवान, विशाल वर्मा, प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह, प्रखंड सचिव इरशाद आलम, नगर अध्यक्ष प्रेम गौरव, छात्रसंघ अध्यक्ष आदित्य तिवारी, करण कुमार, इफ्तेखार आलम, मंटू कुशवाहा, सीताराम साव सहित कई लोग मौजूद थे।

# भाकपा नेता ने राजेंद्र के पुत्र के हत्यारे को गिरफ्तार करने की मांग की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने आरक्षी अधीक्षक को सतबरवा कांड संख्या 70/ 2023 के मूल्यों को गिरफ्तार करने के संबंध में पत्र लिखा। श्री तिवारी ने कहा कि सतबरवा कांड संख्या 70/ 2023 के सूचक राजेंद्र प्रसाद के पुत्र की हत्या हत्या दिनांक 24/6/ 2023 को इस कांड के अभियुक्तों ने करके लाश को लाला है रोड पर फेंक दिया था जिसके बाद मृतक के पिता ने थाना कांड संख्या के आरोपियों के ऊपर तीन अभियुक्त पर नामजद एवं एक व्यक्ति पर अज्ञात एफ आई आर दर्ज करवाया इसके बाद भी इस जघन्य अपराध दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 302 में दर्ज होने के बाद भी अभी तक अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हुई और उल्टे सभी अपराधी गन मृतक के पिता को बार-बार केस उठाने और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं जिसका पत्र सूचक ने भाकपा जिला सचिव को दिया जिसे अग्रसारित करते हुए आरक्षी अधीक्षक को स्मार पत्र भाकपा जिला सचिव श्री तिवारी ने दिया और अभिलंब जगन अपराधों में सलीम व्यक्तियों की गिरफ्तार करने की मांग की है गिरफ्तार नहीं करने की स्थिति में 15 अगस्त के बाद 17 अगस्त को सतबरवा कांड संख्या 70/ 2023 के सूचक सुनिल कुमार अपने पूरे परिवार के साथ अनिश्चितकालीन धरना देंगे जिसकी जवाबदेही जिला प्रशासन की होगी।

# सहोदया के पदाधिकारियों ने की उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक से मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सी. बी. एस. ई. पी.जी.एल सहोदया पलामू के सदस्यों ने मंगलवार उपायुक्त शशी रंजन एवं पुलिस अधीक्षक रेशमा रमेशन से शिष्टाचार भेंट किया। पी.जी.एल सहोदया के अध्यक्ष एवं सिटी कोऑर्डिनेटर सी. बी. एस. इ. पलामू सह प्राचार्य एम. के. डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर डॉक्टर जी.एन.खान के नेतृत्व में गए शिष्टमंडल ने पुष्पगुच्छ देकर नवागंतुक पदाधिकारियों का स्वागत किया। अधिकारियों से बातचीत करते हुए उपायुक्त महोदय ने बताया कि हम सितंबर महीने में बैठक कर पलामू में कैरियर काउंसलिंग क्लासेस शुरू करेंगे । यह काउंसलिंग बारहवीं कक्षा में शुरू करने का उन्होंने सुझाव दिया, जिससे बच्चे गलत करियर चुनकर अपना भविष्य न बिगाड़े। उपायुक्त महोदय ने सभी अधिकारियों से उनके विद्यालयों में गरीब बच्चों के प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी ली, तथा अधिकारियों से भी उनके कठिनाइयों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मैं बीच-बीच में शिक्षा की गुणवत्ता एवं आप लोगों की समस्याओं से अवगत होता रहूंगा । पुलिस अधीक्षक महोदय ने भी मुलाकात के दौरान अधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुए उचित मार्गदर्शन किया। शिष्टमंडल ने उपविकास आयुक्त रवि आनंद से भी मुलाकात किया तथा हर संभव सहयोग का आश्वासन प्राप्त किया।

## मारपीट में चार घायल



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के संध्या ग्राम में आपसी विवाद को लेकर हुए मारपीट में महिला समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। घायलों में मुकेश कुमार यादव, अखिलेश कुमार यादव, ममता देवी तथा श्रद्धा देवी के नाम शामिल है।

## पलामू ने 7 वें नेशनल गतका प्रतियोगिता में जीते 11 पदक

# पलामू के खिलाड़ियों ने 5 स्वर्ण, 3 कांस्स व 4 रजत पदक जीते



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदनीनगर :** असम के गोवहाटी शहर के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में 4 से 6 अगस्त तक हुए नेशनल गतका प्रतियोगिता पलामू का दबदबा रहा। पलामू के खिलाड़ियों ने 11 पदक अपने नाम किए। इसकी जानकारी देते हुए पलामू जिला गतका एसोसिएशन के अध्यक्ष सुमित बर्मन ने कहा कि नेशनल प्रतियोगिता में झारखंड के धनबाद जिले से 72, बोकारो से 25 व पलामू के 13 खिलाड़ियों ने झारखंड का प्रतिनिधित्व किया। इसमे पलामू की अनामिका मेहता अंडर 11 खेलते हुए सिंगल सोटी इवेंट्स में गोल्ड मेडल जीती। साथ ही टीम सिंगल सोटी इवेंट में भी गोल्ड मेडल जीत कर झारखंड को अंडर 11 में दो स्वर्ण पदक दिलाई। साथ ही काजल कुमारी अंडर 17 में फैरी सोती इवेंट खेलते हुए झारखंड के नाम गोल्ड मेडल व ऋतिक राज तिवारी अंडर 11 खेलते हुए फैरी सोती में गोल्ड मेडल जीता। वही अगरिया प्रियदर्शनी ने भी टीम फैरी सोती गोल्ड मेडल अपने नाम किया। रिशु राज दांगी, सुभम सिंह व आर्यन पांडेय ने अंडर 11 में टीम फैरी सोती में सिल्वर मेडल जीते। सात्विक पांडेय अंडर 17 में सिंगल डेमो करते हुए ब्राउज़ मेडल जीता। रोशन कुमार अंडर 25 में टीम में ब्राउंज मेडल जीता । सुमित बर्मन ने बताया कि इस प्रतियोगित में भारत देश के 29 राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। पूरे प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले पांच खिलाड़ियों का चयन खेलो इंडिया व इंडियन ओलंपिक के 37 वें नेशनल गेम के लिए किया जाएगा। पलामू जिले के खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन पर पलामू जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा व गतका एसोसिएशन के सचिव दीपक तिवारी ने मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।

# अनुमंडल में विभिन्न बैंक के 98 बकायेदारों के खिलाफ नीलाम पत्र किया गया दायर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न बैंकों द्वारा लिया गया केसीसी तथा अन्य प्रकार के लोन जमा नहीं करने वाले बकाया धारी के विरुद्ध नीलाम पत्र दायर किया गया है। जिनमें नगर उंटारी थाना क्षेत्र के फूलमती देवी पति बृजमोहन राम, संजय किसान समूह/धनवीर भुइयां, बैजनाथ उरांव पिता फूदी उरांव ग्राम महुली, रिमझिम श्रीवास्तव पति संजय कुमार ग्राम रक्शा, सत्येंद्र कुमार पिता विनोद कुमार ग्राम नगर उंटारी, रामनारायण दुसाद पिता हितन दुसाध ग्राम अहिरपुरवा, प्रदीप कुमार सीताराम साहू ग्राम चेचरिया, अरविंद कुमार पिता विश्वनाथ राम ग्राम नगर उंटारी, दुर्गेश कुमार पांडे पिता गंगाधर पांडे ग्राम चित्तविश्राम, अशोक कुमार पिता बद्री विशाल प्रसाद ग्राम हेंहो, पंकज कुमार पिता स्वर्गीय जयशंकर प्रसाद ग्राम चचेरिया, राजकुमार पिता दिलीप कुमार सब्जी बाजार नगर ऊंटारी, दया सेठ पिता बनारसी सेठ ग्राम बंशीधर रोड नगर उंटारी, रविंद्र प्रसाद मेहता पिता राजदेव प्रसाद मेहता ग्राम अहिरपुरवा, अवध किशोर कुशवाहा पिता रामगती मेहता ग्राम नारखोरिया खुर्द, रिंकी श्रीवास्तव पति संजीव कुमार श्रीवास्तव ग्राम नरही, दया सोनी पिता बनारसी सेठ ग्राम बंशीधर रोड़ नगर उंटारी, मनदीप राम पिता स्वर्गीय रामदेव राम कुम्बा खुर्द, धर्मेंद्र कुमार पिता बिपिन बिहारी आर्य ग्राम नगर उंटारी, नंदू प्रसाद पिता बुटन साव ग्राम नगर उंटारी, मनोज कुमार पिता गणपत चौरसिया ग्राम चेचरिया, धनंजय कुमार पिता चंद्रिका प्रसाद ग्राम मार्चवार, अमित कुमार अग्रवाल पिता स्वर्गीय नारायण अग्रवाल ग्राम धमनी नगर उंटारी, सुनील कुमार पिता बसंत प्रसाद ग्राम नगर उंटारी, बसंती देवी पति विनोद उरांव, शनिचरी देवी पति रमेश उरांव, रीना देवी पति मंदिप उरांव ग्राम महुली, तारा देवी पति रामप्रीत राम, माधुरी देवी पति उपेंद्र चंद्रवंशी, देवंती देवी पति राम पवन प्रसाद गुप्ता ग्राम कोल्हुआ, बैजनाथ उरांव पिता स्वर्गीय फूदी उरांव ग्राम महुली, दीनानाथ प्रसाद मखडू राम ग्राम नगर उंटारी, गफ्फार हुमायूं पिता मोहम्मद आलम ग्राम चेचरिया, राजू कुमार चंद्रवंशी पिता सुरेश चंद्रवंशी ग्राम सोनपुरा, कादिर खलीफा पिता कमरुद्दीन खलीफा चेचरिया, राजेश्वर प्रसाद यादव पिता सुकन महतो ग्राम नगर उंटारी, धर्मेंद्र कुमार चंद्रवंशी पिता राजेंद्र प्रसाद ग्राम सोनबरसा, जयप्रकाश तिवारी पिता बैजनाथ तिवारी ग्राम जंगीपुर, सुशील कुमार जायसवाल पिता मोहनलाल जयसवाल ग्राम नगर उंटारी,चंद्र भूषण प्रसाद पिता गोरी चंद्र साव ग्राम चेचरिया, विकास कुमार जयसवाल पिता प्रेमचंद प्रसाद जयसवाल ग्राम नगर उंटारी, सूरज कुमार शुक्ला विनय कुमार शुक्ला ग्राम जतपुरा, रमेश कुमार दास कन्हैया दास ग्राम चेचरिया, अजय कुमार पिता स्वर्गीय रघुनाथ शाह ग्राम हेंहो, विजय लाल पिता सौरांग लाल ग्राम रक्शा, विजय कुमार राम पिता मोती चंद राम ग्राम पाल्हे कला, शंभू राम पिता मुनेश्वर राम ग्राम जतपुरा, रमेश विश्वकर्मा पिता कामेश्वर विश्वकर्मा ग्राम भोजपुर, हरी राम पिता सत्यदेव राम ग्राम जतपुरा,केतार थाना क्षेत्र के राजकुमार ठाकुर पिता लालू ठाकुर, धर्मेंद्र कुमार पिता जय प्रकाश गुप्ता, प्रमोद कुमार मेहता पिता रामकेश मेहता के लिए नीलाम पत्र जारी किया गया है।धुरकी थाना क्षेत्र में निर्गत नीलम पत्र के लिए सोनू कुमार पिता महेंद्र कुशवाहा ग्राम मकरी, विनोद विश्वकर्मा पिता कामेश्वर विश्वकर्मा ग्राम सगमा,बखौरी उरांव पिता राम प्रसाद उरांव ग्राम कटहर कला, चंदन कुमार यादव पिता उदय प्रसाद यादव ग्राम कटहर कला, उमेश राम पिता मुंशीराम ग्राम कदवा, सुरेंद्र प्रसाद यादव पिता गुप्तेश्वर प्रसाद यादव,बुटन राम पिता बैजू राम, नयन प्रसाद यादव पिता कन्हाई प्रसाद यादव, कालेश्वर प्रसाद यादव पिता गुप्तेश्वर प्रसाद यादव, बीरबल यादव पिता कन्हाई प्रसाद यादव सभी ग्राम बुलका, सूर्यमन परिया ग्राम कटहर कला, श्रीमती पार्वती देवी पति बैजनाथ राम ग्राम शारदा, खेयाकी कोरबा ग्राम परसपानी, हकीम अंसारी पिता मो0 रफीक अंसारी ग्राम शक्ति, सोनू कुमार पिता महेंद्र कुशवाहा ग्राम मकरी, जनाज अंसारी ग्राम खुटिया, मन्नत हुसैन ग्राम पतिहारी धुरकी, नाम शामिल है। जब कि विशुनपुरा थाना क्षेत्र के धर्मेंद्र कुमार सिंह पिता जगदीश सिंह ग्राम पिपरी कला,रमना थाना क्षेत्र के उमा सिंह पिता कामेश्वर प्रसाद सिंह ग्राम रमना, भवनाथपुर थाना क्षेत्र के प्रेमचंद गुप्ता ग्राम भवनाथपुर के उपर्युक्त सभी के नाम वारंट जारी कर दिया गया है।

हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 217
बुधवार
09.08.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
जब तक आप अपनी जुबान पर नियंत्रण नहीं रखते तब तक आप भविष्य पर नियंत्रण नहीं रख पाएंगे

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

नयनश्री नेत्रालय
आंखों का संपूर्ण इलाज
O.P.D सोमवार से शनिवार सुबह 9 से शाम 4 तक
Dr. Gurcharan Singh
MBBS ,MS(Senior, Eye Consultant )
Fellow LV Prasad Eye Institute , Hyderabad
(Neuro Opthalmology & Pediatric Ophthalmology )
Call: 7707013096
असर्फी हॉस्पिटल, बारामुडी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

## रांची का तापमान

अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

# आज होगा झारखंड आदिवासी महोत्सव का आगाज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड आदिवासी महोत्सव 2023 का आगाज राजधानी में 9 और 10 अगस्त को भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान (जेल पार्क) में होगा. साल 2019 के बाद लगातार ये दूसरा मौका है, जब झारखंड में आदिवासी महोत्सव का आयोजन हो रहा है. इसके लिए जेल पार्क में विशेष इंतजाम भी किए गए हैं. दो दिन तक चलने वाले इस महोत्सव के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जेएमएम अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन होंगे. इसके अलावा समापन समारोह के मुख्य अतिथि सीएम हेमंत सोरेन होंगे.इस महोत्सव में देश-दुनिया की समृद्ध आदिवासी संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी. कई कार्यक्रम होंगे, जिसमें जनजातीय इतिहास, साहित्य, मानवशास्त्र आदि पर संगोष्ठी, कला और संगीत, परिधान, आदिवासी व्यंजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, फैशन शो आयोजित होगा. वहीं आदिवासी व्यंजन में मडुआ से बने पारंपरिक पकवान और परिधान में आदिवासी पारंपरिक परिधान आकर्षण के मुख्य केंद होंगे. झारखंड आदिवासी महोत्सव-2023 में राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन होगा. सेमिनार में जनजातीय अर्थव्यवस्था, आदिवासी साहित्य, जनजातीय ज्ञान, मानवविज्ञान के अतीत और भविष्य विषयों पर चर्चा की जाएगी. आदिवासी जीवन, रहन-सहन, परंराओं के अलावा सामाजिक व सांस्कृतिक व्यवस्थाओं पर आधारित साहित्य पर भी समारोह में विशेष चर्चा होगी. जिसमें प्रतिष्ठित वक्ता सुश्री ममांग दाई, प्रो (सेवानिवृत्त) मृदुला मुखर्जी, प्रो. (सेवानिवृत्त) आदित्य मुखर्जी, डॉ. राकेश बताब्याल, प्रो. महालक्ष्मी रामाकृष्णन, प्रो. वी. सेल्वाकुमार, डॉ स्नेहा गांगुली, डॉ. किशोर लाल चंदेल, डॉ देव कुमार झाजं, प्रो. रोमा चटर्जी मौजूद होंगे.

## फिल्म फेस्टिवल का होगा आयोजन

**रांची :** झारखण्ड आदिवासी महोत्सव -2023 में फिल्म फेस्टिवल का आयोजन होगा। आदिवासी फिल्म महोत्सव राज्य की प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का एक अवसर है, जिन्हें ना केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर आदिवासी फिल्मों की स्क्रीनिंग से मुख्यधारा के सिनेमा में संवाद के लिए जगह बनेगी और ऐसे जरूरी विषयों पर फिल्में बनाने के महत्व को समझने का अवसर मिलेगा। इससे सबसे अधिक युवा फिल्म निर्माताओं को प्रोत्साहन मिलेगा। यह कार्यक्रम झारखण्ड के उभरते फिल्म निर्माताओं को प्रोत्साहित करने के लिए मंच भी तैयार करेगा। फिल्म महोत्सव में निर्माता दशरथ हांसदा द्वारा निर्मित फूलमुनी, दीपक बारा की द अगली साइड ऑफ ब्यूटी, दीपक के बेसरा की मोहोत, निजाम की छैला संधु, मेघनाथ की नाची से बांची, बिजु टोप्पो की मुंडारी सृष्टिकथा, अनुज वर्मा की चेरो, एनपीके पुरुषोत्तम की बंधा खेत, प्रियंका पूर्ति की हॉनर्टन रिमिल, रूपेश साहू की रैट ट्रैप इत्यादि जनजातीय फिल्मों के माध्यम से झारखण्ड की परंपराओं, संघर्षों और इतिहास जानने का अवसर प्राप्त होगा।

### उद्घाटन समारोह में आकर्षण का केंद्र होगा रीझ रंग रसिका रैली

झारखण्ड आदिवासी महोत्सव -2023 में रीझ रंग रसिका रैली मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा। 09 अगस्त को 12 बजे अपराह्न रैली धुमकुड़िया भवन, करमटोली चौक से जेल रोड स्थित बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान के लिए प्रस्थान करेगी। रैली में झारखण्ड के 32 विभिन्न जनजातिय वाद्ययंत्रों के संगम होगा। रैली में असुर, बैंगा, बंजारा, बथुडी, बेदिया, बिंझिया, बिरहोर, बिरजिया, चेरो, चिक-बड़ाईक, गोंड, गोडाईल, हो, करमाली, खड़िया, कंवर, खरवार, खोंड, किसान, कोरा, कोरवा, लोहरा, महली, माल पहाड़िया, मुंडा, उरांव, परहईया, संथाल, सौरिया पहाड़िया, सवर,भूमिज एवं कोल जनजाति के कलाकार अपने वाद्ययंत्रों के साथ नजर आएंगे। महोत्सव में अरुणाचल प्रदेश, असम, आंध्र प्रदेश, ओडिसा, राजस्थान के जनजातीय समुदाय के मेहमान अपनी परंपरा और संस्कृति सेरूबरू कराएंगे।



शहीद निर्मल महतो के 36 वें शहादत दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम, दी श्रद्धांजलि

# शहीद निर्मल महतो को शत-शत नमन : मुख्यमंत्री



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** सरकार हर वह काम कर रही है, जो राज्य की जनता के मान- सम्मान और हक- अधिकार से जुड़ा है। हर चेहरे पर मुस्कान लाना हमारी प्रतिबद्धता है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन वीर शहीद निर्मल महतो के 36 वें बलिदान दिवस के अवसर पर उलियान, जमशेदपुर में आयोजित शहादत दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर शहीद निर्मल महतो के समाधि स्थल में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक झारखंड रहेगा, शहीद निर्मल महतो अमर रहेंगे।
मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कुछ ऐसी चीजें हैं जो यहां के इतिहास में पत्थर की लकीर बन चुकी है । उन्हीं में से एक हैं शहीद निर्मल महतो। यह दिन एक ऐसा दिन है जब हमने एक ऐसे व्यक्तित्व को खोया था, जिनकी जगह कोई भी नहीं ले सकता। उन्होंने अपनी जिंदगी का जो भी वक्त झारखंड अलग राज्य के संघर्ष में दिया, उसे कभी भूल नहीं सकते हैं। वे सही अर्थों में झारखंडियों के मार्गदर्शक थे। कुशल संगठन और नेतृत्वकर्ता थे। उनके निर्णय लेने की क्षमता अद्भुत थी। उनके जो आदर्श हैं, उसे लेकर हम आज भी उन्हें जिंदा रखे हैं।

### इस राज्य की भूमि ने कई कुर्बानियां दी है

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के लिए यहां के आदिवासियों- मूलवासियों ने लंबा संघर्ष और आंदोलन किया। अनगिनत कुर्बानियां दी गई। लेकिन, अलग राज्य बनने के बाद पिछले 20 वर्षों में उनके बलिदान को राज्य में जो सम्मान और जगह मिलनी चाहिए थी, वह नहीं मिल सकी । हमारी सरकार अपने वीर शहीदों और आंदोलनकारी के सपनों के अनुसार झारखंड का नवनिर्माण कर रही है ।

## क्विक न्यूज

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 11 अगस्त को

**रांची :** झारखंड कैबिनेट की बैठक 11 अगस्त को होगी। प्रोजेक्ट भवन में शाम चार बजे से होने वाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर मंजूरी दी जाएगी।राज्य में कई जलापूर्ति योजनाओं की भी स्वीकृति दी जाएगी। इसके अलावा सड़क निर्माण सहित अन्य योजनाओं की भी मंजूरी मिलेगी। बैठक संबंधी सूचना मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग में जारी कर दी है और सभी विभागों से प्रस्ताव मांगा गया है।

### कोकीन के साथ तीन गिरफ्तार

**नगांव (असम) :** ड्रग्स निरोधी अभियान के दौरान सात करोड़ रुपए मूल्य के कोकीन के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार किए गए। गिरफ्तार तस्करों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस द्वारा आज दी गई जानकारी के अनुसार होजाई के जामूहगुल में पुलिस की कार्रवाई में जब्त कोकीन का वजन 660 ग्राम बताया गया है। पुलिस के अनुसार कोकीन की बाजार में कीमत करीब सात करोड़ रुपये है। ज्ञात हो कि अभियान का नेतृत्व अपराध शाखा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पल्लव तामुली ने किया। अभियान के दौरान एक चार पहिया वाहन भी जब्त किया गया। घटना के संदर्भ में होजाई थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस कानून के अनुसार कार्रवाई कर रही है।

### ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**किशनगंज :** भारत-नेपाल सीमा पर 27.40 ग्राम ब्राउन सुगर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।ब्राउन शुगर को भारत से नेपाल ले जाया जा रहा था। मादक पदार्थ तस्करी का यह एक संदिग्ध मामला होने के कारण कुर्लिकोट थाने के हवाले कर दिया गया। 19वीं वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट अनूप रेबा कच्छप दिशा निर्देश पर डी-समवाय नावदुबा के बहादुर जवानों द्वारा विशेष गश्त के दौरान यह गिरफ्तारी हुई है।मादक पदार्थ की तस्करी में जिस व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है उसका नाम राजा कुमार सहनी है। जो इटालबस्ती थाना ठाकुरगंज, जिला किशनगंज निवासी कैलाश सहनी का पुत्र है।

### एटीएस डीएसपी और दारोगा पर गोली चलाने का आरोपी रवि मुंडा ने किया सरेंडर

**रांची:** आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) में पदस्थापित डीएसपी नीरज और पतरातू थाना के दारोगा सोनू साव पर गोली चलाने के आरोपित रवि मुंडा ने मंगलवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। एटीएस कोर्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभात शर्मा की अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया। अधिवक्ता संतोष कुमार साहू और वरुण कुमार ने रवि मुंडा को सरेंडर करवाया। गौरतलब है कि 17 जुलाई को अपराधी अमन साहू गिरोह के शूटर को पकड़ने गए एटीएस के डीएसपी नीरज कुमार और पतरातू थाना के दारोगा सोनू साव को अपराधियों ने गोली मार दी थी।

ज्ञानवापी परिसर में पांचवें दिन का सर्वे पूरा

# एएसआई टीम ने गुंबद पर चढ़ कर नक्काशी को परखा



एजेंसी

**वाराणसी :** ज्ञानवापी परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम ने मंगलवार शाम को लगातार पांचवें दिन की सर्वे प्रक्रिया पूरी की। सर्वे के बाद एएसआई टीम के साथ वादी और प्रतिवादी पक्ष के अधिवक्ता भी परिसर से बाहर आए। इस सर्वे पर पूरे देश की निगाहें टिकी हुई हैं। विभिन्न सोशल नेटवर्किंग साइटों पर सर्वे से जुड़े कई वीडियो और फोटोग्राफ तेजी से वायरल हो रहे हैं। इसके मद्देनजर कड़ी सुरक्षा के बीच सर्वे प्रक्रिया पूरी की जा रही है। वादी हिन्दू पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु जैन ने मीडियाकर्मियों को बताया कि जिला न्यायालय ने सर्वे के लिए चार सप्ताह का समय दिया है। उसी के अनुरूप कार्य हो रहा है। पांचवें दिन ज्ञानवापी परिसर के चारों तरफ टीम ने सर्वे किया। वादी पक्ष के ही अधिवक्ता सुभाष चतुर्वेदी ने पत्रकारों को बताया कि एएसआई टीम अपने तरीके से काम कर रही है। टीम पूरे परिसर में सर्वे कर रही है। परिसर के व्यास जी के तहखाने में सर्वे चल रहा है। तथ्यों को संजोया जा रहा है फिर एएसआई रिपोर्ट तैयार करेगी।
पांचवें दिन एएसआई टीम ने गुंबद और व्यास तहखाने में सर्वे किया। टीम ने ज्ञानवापी के विशाल गुंबदों पर चढ़कर सर्वे किया। इसे लोग सड़क पर खड़े होकर देखते रहे। सूत्रों ने बताया कि टीम ने विशाल गुंबद की नक्काशी की कार्बन कॉपी तैयार किया। टीम ने पश्चिमी दीवार के साथ परिसर में मिले ताखे की शैली को कागजों पर उतारा। टीम ने तहखाने में मिली कलाकृतियों, गुंबदों की सीढ़ियों के पास बने कलशनुमा कलाकृति की भी स्कैनिंग की। श्रृंगार गौरी स्थल के साथ ज्ञानवापी के उत्तरी और दक्षिणी छोर का भी सर्वे किया गया।

# सोनिया गांधी का उद्देश्य बेटे को सेट करना है : निशिकांत



एजेंसी

**नई दिल्ली :** अविश्वास प्रस्ताव पर बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने चर्चा में हिस्सा लिया। उन्होंने लोकसभा में बोलते हुए कहा कि मुझे लगा कि राहुल गांधी पहले बोलेंगे। निशिकांत दुबे के बोलने के दौरान विपक्ष ने नारेबाजी की और जमकर हंगामा किया। प्रह्लाद जोशी ने हंगामे के बीच कहा कि गोगोई का भाषण पूरा हो गया है। अब निशिकांत दुबे के स्पीच से विपक्ष को डर क्यों है। इसके बाद निशिकांत दुबे बोलना शुरू किया।
निशिकांत दुबे ने बीजेपी की ओर से सबसे पहले अविश्वास प्रस्ताव पर बहस में बोलने की कमान संभाली। निशिकांत दुबे ने कहा कि मैं मणिपुर के इतिहास का भुगतभोगी हूं। मेरे मामा सीआरपीएफ के डीआइजी हुआ करते थे। उन्होंने अपना पैर गंवाया था। निशिकांत ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि शायद राहुल गांधी देर से उठे होंगे इसलिए बहस में पहले नहीं बोले। निशिकांत ने कहा कि एनडीए के विपक्ष में जो विपक्षी दलों ने इंडिया नाम से गुट बनाया है,ज्यादातर नेता इसका फुल फॉर्म भी नहीं जानते होंगे।कहा कि सोनिया गांधी का उद्देश्य बेटे को सेट करना है, दामाद को भेंट करना है।

**मणिपुर के इंसाफ के लिए है अविश्वास प्रस्ताव : गोगोई**

नई दिल्ली : कांग्रेस के सांसद रंजन गोगोई ने लोकसभा में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री ने मणिपुर का दौरा क्यों नहीं किया और मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को पद पर क्यों बनाए रखा? उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मौन रहना चाहते हैं क्योंकि उन्हें सिर्फ अपनी छवि से लगाव है और वह अपनी सरकार की विफलताओं को सामने नहीं आने देना चाहते। कांग्रेस सांसद ने कहा,मैं इस अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए 'इंडिया' गठबंधन के दलों को आभार प्रकट करते हैं।



# प्रभात मंत्र

झारखण्ड

रांची, बुधवार, 09 अगस्त 2023 | पेज 4


## 15 अगस्त की तैयारी जोरों पर

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली मुरी क्षेत्र के स्कूलों मे 15 अगस्त की तैयारी काफी जोरों पर चल रही है। संत माइकल स्कूल, डीएभी स्कूल,आरटीसी स्कूल, हिंडाल्को स्कूल, उर्सलाइन स्कूल समेत कई स्कूलों मे भी बच्चे लोगों को परेड भाषण नृत्य के साथ राष्ट्र गाण का अभ्यास कराया जा रहा है। वही आरटीसी पब्लिक स्कूल सिंगपुर मे अच्छी तरह से बच्चों को प्रशिक्षण देकर परेड एवं राष्ट्रगाण का अभ्यास कराया जा रहा है। स्कूलों के शिक्षक भी मौजूद रहकर बच्चों को अभ्यास कराने मे लगे हुए है। वहीं टुंगरी पार्क मे झांडा उत्तोलन को लेकर स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो ने पार्क का निरीक्षण किया।

## आजसू ने निर्मल महतो के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की

**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोंदली पोखर में मंगलवार को आजसू पार्टी ने शहीद स्वर्गीय निर्मल महतो का शहादत दिवस के अवसर पर आजसू के प्रखंड समिति द्वारा शहादत दिवस मनाया। इस अवसर पर विधान सभा पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव के नेतृत्व में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय निर्मल महतो के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का शपथ लिया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा ने कहा कि स्वर्गीय निर्मल महतो की कुर्बानियों को नहीं भूला जा सकता है उन्होंने अलग झारखंड राज्य की मांग को लेकर उलगुलान आंदोलन कर अलग राज दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो सचिव धर्मेन्द्र सिंह जलनाथ महतो ज्योतिष महतो अतिस महतो मोहन महतो जीतेन्द्र सिंह किसुन महतो संजय महतो सहित कई लोग शामिल थे।

## आरक्षित श्रेणी के विद्यार्थियों के लिए विशेष शिक्षा का प्रावधान

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैंब्रिज ग्रुप के तकनीकी शिक्षण संस्थानों में राज्य के एससी, एसटी वर्ग के विद्यार्थियों के लिए न्युनतम शुल्क पर व आदिम जनजाति के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की गई है। कैंब्रिज ग्रुप के प्रशासनिक निदेशक नवनीत सिंह ने बताया कि राज्य में तकनीकि एवं व्यवसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रबंधन द्वारा यह निर्णय लिया गया है। इसके तहत विद्यार्थियों को राज्य सरकार के कल्याण विभाग द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति के आधार पर इंजिनयरिंग, एमबीए, व डिप्लोमा की पढाई करा प्लेसमेंट के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की पहल की गई है। संस्थान ने विशेष जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 9931444441,9279439460 जारी किया है।

## बारिश नहीं होने से किसान परेशान

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखण्ड के खपछाबेड़ा गांव मे किसान महिलाओं के द्वारा धान रोपते देखने को मिला।सभी महिलाएं एक साथ मिलकर धान की खेती कर रहे थे। वही महिलाओं से पुछने पर बताया कि इस साल समय पर बारिश नहीं होने पर बहुत सारा खेत मे धान की खेती नहीं हो पायी है और इस बार बारिश भी कम हुआ है।इसी कारण इस साल हमलोगों का सारा खेत मे खेती नहीं हो पा रहा है। और धान के खेती के लिए जो बीज डाले थे वह भी बीना बारिश के सुख जा रहा है।

## पिपरवार पुलिस ने फरार वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरवार पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर विशेष छापेमारी अभियान चलाकर एक फरार वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।इस संबंध में पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पिपरवार थाना कांड संख्या 37/17 के फरार वारंटी 30 वर्षीय चिंतामन गंझू पिता स्वर्गीय गंधौरी गंझू साकिन बंधुडीह थाना विशिष्टनगर जोरी जिला चतरा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि उनके विरुद्ध पिपरवार थाना में धारा 147,148, 149,386,387,379,323, 436,427 आईपीसी और 27 आर्म्स एक्ट 17 सीएलए एक्ट के तहत 28 अक्टूबर 2017 को मामला दर्ज किया गया था,जिसके बाद से वह फरार चल रहा था।पुलिस ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया है।छापेमारी अभियान में थाना प्रभारी गोविंद कुमार, अवर निरीक्षक रूपेश कुमार महतो,दिलीप बास्की सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपुर में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपुर के प्रांगण में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों के द्वारा कई प्रकार के मॉडलों की प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत द्वीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया गया।इसके बाद बच्चों के द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी का अतिथियों ने भ्रमण कर उसके बारे में जानकारी ली।स्कूल के बच्चों ने वायु प्रदूषण,सौर ऊर्जा, प्लांट,कोयला खदान,रेल, ऑक्सीजन सहित अन्य कई प्रकार के मॉडल लगाया गया।बच्चों द्वारा लगाए गए मॉडलों का उपस्थित लोगों ने खूब पसंद किया। इस मौके पर स्कूल के निदेशक मोहम्मद साहिल,प्राचार्य ताका नारो जमीर,विलासली राज,रेहाना परवीन,भागीरथ कुमार,पिंटू कुमार,अजय कुमार,साजिया खान, आलमगीर आलम सहित स्कूल के सभी बच्चे,शिक्षक और काफी संख्या में अभिभावक मौजूद थे।

## खलारी से श्रद्धालुओं का जत्था बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी से श्रद्धालुओं का जत्था बाबा बैजनाथ धाम के लिए मंगलवार को रवाना हुए.सर्वप्रथम श्रद्धालुओं ने खलारी के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर जाकर प्रणाम किया. उसके बाद बाबा धाम के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हुआ. यह जत्था सुल्तानगंज से जल उठाकर बाबा को जल चढ़ाने के बाद बासुकीनाथ जाएगी. श्रद्धालुओं में सरोज पाठक, प्रदीप पांडेय, महेंद्र सिंह, सूर्यकांत तिवारी, उजेन्द्र सिंह, सविता कुमारी, बबीता कुमारी, सुमन कुमारी का नाम शामिल है।

## कर्रा के नीचे बस्ती में 25 केबी बिजली ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया

**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के बड़ाइक टोली व नीचे बस्ती का विगत छः माह से खराब 25 केबी का बिजली ट्रांसफार्मर को झामुमो युवा नेता राजन मुंडा महज दो दिनों में बदलकर नया ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली बहाल करायी गयी. जिसका मंगलवार को फिता काटकर उद्घाटन किया गया. कर्रा बड़ाइक टोली व नीचे बस्ती के लोगों में खुशी का माहौल है ज्ञात हो कि पिछले छह महीने से खराब पड़ा हुआ था. जिसे लेकर 5 अगस्त को प्रभात खबर में ट्रांसफार्मर खराब रहने से उपभोक्ताओं को हो रही परेशानी को लेकर समाचार छपी थी समाचार देखकर झामुमो युवा अध्यक्ष राजन मुंडा ने समस्या कि गंभीरता को ध्यान में रखते हुए तत्काल मंगलवार को नया 25 केबी का बिजली ट्रांसफार्मर? लगावा कर फिर से बड़ाइक टोली व नीचे बस्ती में बिजली बहाल करायी गयी. ट्रांसफार्मर उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान झामुमो प्रखंड अध्यक्ष शेख फिरोज, समाजसेवी शिबू होरो, बिजली विभाग से मानव दिवस कर्मी अफजल मिरयासी, तस्लीम ख़ान, साबीर खान, कलीम खान के अलावे अन्य लोग मौजूद थे।

## झामुमो जिलाध्यक्ष जुबेर अहमद की अध्यक्षता में अमर शहिद निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाया गया

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डाक बंगला खूंटी में झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष जुबैर अहमद की अध्यक्षता में झारखंड वीर अमर शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाया गया और उनको याद किया गया जिलाध्यक्ष के द्वारा उनके जीवनी, रहन सहन, झारखडवासी के प्रति उनकी सोच त्याग , बलिदान के बारे बताया गया. झारखण्ड मुक्ति मोर्चा खूँटी ज़िलाध्यक्ष जुबैर अहमद, झामुमो जिला सचिव गुलशन सिंह मुंडा,उपाध्यक्ष मंगन मंजीत तिड़ू, केन्द्रीय सदस्य मक़सूद अंसारी, कीड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुशील पहान, झामुमो केंद्रीय सदस्य सुदीप गुड़िया, महिला मोर्चा ज़िलाध्यक्ष स्नेहलता कन्डुलना, झामुमो केन्द्रीय सदस्य उषा धान ज़िला संगठन सचिव मोजीर अंसारी, किसान मोर्चा ज़िलाध्यक्ष डॉ?हेमंत तोपनो, खूँटी प्रखण्ड अध्यक्ष शंकर सिंह मुण्डा, देवनाथ मघईया, रोबिन टोपनो सचिव महेंद्र सिंह मुण्डा, आलोक रितेश डुंगडुंग, जोगोल मुण्डा, माँगु होरो, उदय चौधरी,सुभाष कोनगाड़ी, विश्वनाथ भगत, विवेक कुमार, विजय संगा, प्रकाश नाग मुण्डा, विनोद सँगा, माँगा, आदि थे ।

# पिपरवार कोयलांचल में शहादत दिवस पर याद किए गए शहीद निर्मल महतो



**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको मे मंगलवार को शहीद निर्मल महतो का 35वां शहादत दिवस मनाया गया।इस मौके पर शहीद निर्मल महतो समिति द्वारा बमने चौक मे शहादत दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता नागेश्वर महतो और संचालन अर्जुन महतो ने किया।कार्यक्रम मे मौजुद लोगो ने शहीद निर्मल महतो के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर और माला पहनाकर श्रद्धार्जलि दी।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओ ने कहा कि निर्मल दा के शहादत को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है।उन्होंने अपना पूरा जीवन झारखंडियों के लिए कुर्बान कर दिया।वह वर्तमान एवं आनेवाले कई पीढ़ियों के लिए आदर्श बने रहेंगे।झारखण्ड को अलग राज्य का दर्जा वीर शहीद निर्मल महतो के बलिदान से ही मिला।वक्ताओ ने राज्य सरकार से मांग किया कि अविलम्ब निर्मल महतो को शहीद का दर्जा दिया जाए एवं 8 अगस्त को राजकीय अवकाश की घोषणा करे।शहीद निर्मल महतो के दिखाये मार्ग पर चलने और उनके अधुरे सपनो को साकार करने का आहवान किया गया।इस अवसर पर रांची जिला आजसू पार्टी के उपाध्यक्ष नागेश्वर महतो, शहीद स्मारक समिति के अध्यक्ष अर्जुन महतो, धर्मनाथ महतो दीपक महतो, तारकेश्वर महतो, अशोक महतो, सोनु पांडे, सुनील सिंह, संदीप सिंह छवि, बेगी महतो,बमने मुखिया शिवनाथ मुंडा, प्रदीप उरांव, आदि थे ।

## विद्यालयों में बढ़ती हुई चोरी कि घटना को लेकर विद्यालय प्रबंधन समिति कि बैठक का आयोजन

**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड राजकीयकृत मध्य विद्यालय डहकेला में मंगलवार को विद्यालयों पर बढ़ती हुयी चोरी कि घटना को लेकर विद्यालय प्रबंधन समिति कि बैठक प्रिंसिपल एरियर संजय कन्डुलना कि अध्यक्षता पर किया गया. बैठक में डहकेला, जंलगा क्षेत्र में चोरी कि घटना काफी बढ़ गयी है जिसमें बताया गया कि एक दो दिन पहले किसान भाई स्कूल डहकेला व जंलगा चौक स्थित दुकान चोरी कि घटना को लेकर काफी चिंता का विषय बना हुआ है राजकीयकृत मध्य विद्यालय में चारों ओर खुला हुआ है चार दिवारी भी नहीं है जिसे लेकर विद्यालय में रखें परिसंम्पति कि सुरक्षा को लेकर अभिभावकों की एक विशेष बैठक बुलाई गयी. जिसमें मुख्य रूप से विद्यालय की परि संपत्तियां का रखरखाव और सुरक्षा करने पर विचार विमर्श किया गया.आये दिन विद्यालयों हो रही चोरी को लेकर विद्यालय की सुरक्षा के संबंध में अभिभावकों के साथ चर्चा करते हुए तय किया गया कि सप्ताह के 7 दिन अलग-अलग पांच पाच लोगों के ग्रुप बनाकर रात को पहरेदारी करने का निर्णय लिया गया. और उपस्थित सभी लोगों को विद्यालय के प्रिंसिपल व जरियागढ़ थाना प्रभारी का नंबर दिया गया किसी तरह कि घटना या सूचना मिलने पर तुरन्त खबर करने कि बात कही गयी।

## विश्व आदिवासी दिवस सामाजिक चेतना एवं सामाजिक न्याय के रूप में मनाया जाएः धर्मगुरु बगरय मुंडा

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरना धर्म सोतोः समिति केंद्र डौगड़ा ने सभी संगठन पदाधिकारियों, अनुयायियों व लोगों से अह्वान किया है कि वे विश्व आदिवासी दिवस पर नौ अगस्त को पतरा मैदान से कचहरी मैदान, खूंटी तक निकाले जाने वाले सामाजिक जुलूस में शांति व शौहार्द पूर्वक शामिल हों. विश्व आदिवासी दिवस आदिवासियों मूलभूत आधिकारों की सामाजिक, आर्थिक और न्यायिक सुरक्षा के लिए प्रत्येक वर्ष नौ अगस्त को मनाया जाता है. यह पहली बार 9 अगस्त 1994 को स्वीटजरलैंड के जेनेवा में मनाया गया. उसकी संकल्पनाओं को अमल में लाने के लिए सामाजित चेतना, सामाजिक समानता तथा सामाजिक न्याय के रुप में मनाया जाना चाहिए और समाज में प्रताड़ित भाई-बहनों, डाइन प्रथा से पीड़ित महिलाओं, समाज से बहिस्कृत गरीब, असहाय, दबे-कुचले, शोषित एवं पीड़ित लोगों के प्रति संवेदना व न्याय दिलाने के लिए संकल्प लेकर एकजुट हों।

## सर्पदंश से घायल मजदूर को भाजपा मंडल अध्यक्ष ने इलाज में किया सहयोग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा पंचायत के दुमुहान गांव निवासी प्रकाश उरांव को जहरीला सांप ने काटकर घायल कर दिया। प्रकाश दिहाड़ी मजदूरी का काम कर अपने और अपने परिजनों का भरण पोषण करता है।बताया गया कि सर्पदंश के बाद उन्हें झाड़-फूंक के लिए ले जाया गया,लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ,जिसके बाद इसकी सूचना भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा को दी गई।वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंचे मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने उनके परिजनों के सहयोग से उन्हें तुरंत रांची के रिम्स अस्पताल पहुंचाया।इस दौरान मंडल अध्यक्ष के द्वारा इसकी सूचना सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास को दी गई,जिसके बाद विधायक के पहल पर रांची के रिम्स में उनका इलाज कराया गया। रिम्स के चिकित्सक ने प्रकाश उरांव को खतरे से बाहर बताया है।वही समुचित उपचार के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।प्रकाश उरांव के सफल इलाज पर उनके परिजनों ने भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा सहित ईलाज मे सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया है।प्रकाश उरांव के इलाज मे भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राजेश महतो,महावीर राम,उदय शर्मा,सावन कुमार सहित अन्य लोगों ने इलाज में सहयोग किया।

## अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के प्रतिनिधि ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ओरमांझी :** मंगलवार को अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद झारखंड के अध्यक्ष गीताश्री उरांव के नेतृत्व में आदिवासियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर महामहिम राज्यपाल से मिलकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें मुख्य रूप से सामान्य नागरिकता बिल, जमीन पर अतिक्रमण एवं आदिवासियों के शोषण पर विशेष रूप से जोर दिया गया। वहीं राज्यपाल ने प्रतिनिधि को अस्वस्थ किया कि झारखंड राज्य के लिए जो भी अच्छा हो हम करेंगे। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर बिरसा उरांव ने कहा कि आदिवासियों की अस्तित्व मिटाने में कुछ लोग लगे हुए हैं। और आदिवासियों की जमीन को लूट रहे हैं। मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष, डॉक्टर बिरसा उरांव,महासचिव सुशील उरांव आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## नवागढ़ को केरल की तर्ज पर आदर्श बनाने की कवायद तेज हुई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**अनगड़ा :** प्रस्तावित आदिवासी आदर्श पंचायत नवागढ़ को केरल के तरज पर आदर्श बनाना है। इसके लिए किला केरला के प्रतिनिधि सुमैना को लेकर वीभा सिन्हा डीपीएम पंचायतयती राज्य, आज मंगलवार को नवागढ़ पंचायत पहुचे, अपने साथ धीरज सलाहकार पंचायती राज्य विभाग भी मौजूद थे । इस कार्यक्रम मे प्रखण्ड के सम्बंधित सभी पदाधिकारियों को बुलाया गया था। इन सबों के साथ पंचायत सचिवालय सभा कक्ष में बैठ कर विभाग वार वर्तमान में चल रहे कार्यो की समीक्षा की गई। ताकी पंचायत के विकास के लिए कार्ययोजना बनाने में सहोलियत हो सके । इसके बाद सोसो आंगनबाड़ी केन्द्र सोसो पार्क, रा0 मध्य विद्यालय नवागढ़ आदि का भ्रामण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया गया।

## धमधमिया में खराब जलमीनार के लोहा का एंगल को चोरों ने काटा, कॉलोनी के लोगो के कारण भागे चोर

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धमधमिया में एक बार फिर लोहा चोरी करने वाले लोग सक्रिय हो गए हैं.सोमवार की रात धमधमिया बी टाइप में मैदान में लगे खराब जलमीनार का लोहा चोरी करने का असफल प्रयास किया गया.कॉलोनी के लोग जग गए जिसके बाद चोर भाग गए.घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बी टाइप मैदान के किनारे स्थित एक खराब जलमीनार के लोहे के एंगल को चोरों ने रात्रि 12 बजे काट रहे थे कि कॉलोनी में भी लोहा काटने की आवाज सुनाई दिया.जिसके बाद कॉलोनी के लोग जग गए और बाहर देखा कि कुछ लोग जलमीनार के पास खड़े हैं.और लोहे को काट रहे थे इसी बीच बाहर निकलने के आभास चोरों को भी हुआ जबतक लोग बाहर निकले सभी चोर भाग गए थे.सुबह में इसकी सूचना स्थानीय मुखिया संतोष कुमार महली,पंचायत समिति सदस्य सहदेव महली तथा कांग्रेस नेता गोपाल सिंह ,समाजसेवी राजेश कुमार को मिली.उसके बाद कॉलोनी के अन्य लोगों के साथ जलमीनार का निरीक्षण किया जिसमें निरीक्षण में पाया गया कि जलमीनार के चार लोहे के एंगल खम्भे से तीन को चोरों ने किसी औजार से काट दिया था और चौथा एंगल को नही काट पाए थे जिसके कारण लोहा चोरी होने से बच गया.मुखिया ने बताया कि इस कटे हुए एंगल को वेल्डिंग कराया जाएगा ताकि यह सुरक्षित रहे.वही मिली जानकारी के अनुसार चोरों ने पिछले दिनों कॉलोनी में लगे पाइप लाइन को भी चोरी कर लिया है.स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि में गश्ती करने की मांग की है।

## स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान आयोजित होने वाले परेड को लेकर पूर्वाभ्यास शुरू

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सिदो- कान्हू स्टेडियम रामगढ़ में आयोजित होने वाले परेड को लेकर मंगलवार से पूर्वाभ्यास शुरू हुआ। इस दौरान सार्जेंट मेजर मंटू यादव की अध्यक्षता में बाजारटांड़ स्थित सिदो-कान्हू स्टेडियम में पुलिस बल के जवानों, एनसीसी कैडेट व स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा परेड पूर्वाभ्यास किया गया। मौके पर सार्जेंट मेजर के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के मुख्य कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के एनसीसी एवं स्काउट के सक्रिय कैडेट को परेड संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई।

## भाजपा नेता कमलेश ने अपने जन्मदिन पर फलदार पौधा वितरण किया

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी के भाजपा मिडिया प्रभारी कमलेश महतो ने अपने जन्मदिन के अवसर पर जेएमएच. पब्लिक स्कूल बेयांग के बच्चों के बीच केक काटकर व कई किस्म के फलदार पौधों का वितरण कर अपना जन्मदिन मनाया! इस दौरान उन्होंने उपस्थित बच्चों को संदेश दिया कि एक वृक्ष अवश्य लगाएं और पर्यावरण को सुरक्षित करने में आप साथ दें आज के दौर में जिस तरह से पेड़ पौधा की धुआंधार कटाई की जा रही है इससे मेरा वातावरण पूरी तरह से प्रदूषित हो रहा है और इसे सुरक्षित और संरक्षित करने के लिए वृक्षारोपण करना बहुत जरूरी है इस दौरान बच्चों के बीच पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया! साथ में बड़े भईया अशोक कुमार, विशाल सिंह, राज देव, अनीश पाण्डेय ,हीरालाल महतो, जगरनाथ महतो, नवीन कुमार, रूकेश कुमार स्कूल के प्राचार्य धीरज सिंह, व अन्य साथी गण उपस्थित थे।

## आईआरबी-थ्री पिपरवार कैप में विदाई समारोह आयोजित कर सेवानिवृत जमीदार को दी गई विदाई

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इंडिया रिजर्व बटालियन आईआरबी-थ्री के पिपरवार कैम्प में मंगलवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस समारोह की अध्यक्षता डीएसपी जितेंद्र कुमार और संचालन सुजीत कुमार ने किया।समारोह में आईआरबी-थ्री के पिपरवार कैंप से सेवानिवृत्त हुए जमीदार श्रीनिवास सिंह को भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में उनका स्वागत माला पहनाकर एवं बुके देकर किया गया,जिसके बाद उपहार प्रदान कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। समारोह को संबोधित करते हुए उपस्थित वक्ताओं ने उनके कार्यकाल की प्रशंसा की,साथ ही उनके आगे के उज्जवल भविष्य की कामना की।डीएसपी जितेंद्र कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य शरीर के साथ सेवानिवृत्त होना बड़ी बात है।उन्होंने उनके सुखमय जीवन की कामना की।इस मौके पर जमीदार श्रीनिवास सिंह ने भी अपने कार्य के बारे में जानकारी देते हुए सभी पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्य के साथ ड्यूटी करने की अपील की। इस मौके पर डीएसपी जितेंद्र कुमार, पुलिस मेंस एसोसिएशन के मंत्री सुजीत कुमार,उपाध्यक्ष शमशेर आलम,संयुक्त मंत्री सुशील पांडे,हवलदार संजय यादव,राजेंद्र उरांव,प्रेस मरांडी,सूरजानन्द,जितेन्द्र शुक्ला,संजीव कुमार, गौरखनाथ सहित कैंप के कई अधिकारी और पुलिसकर्मी मौजूद थे।


**कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग**

**-ःआम सूचनाः-**

एतत् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727/रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु प्रेस-विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

स्व0 खेपा मनोहर दास ठाकुर
↓
स्व0 राधानाथ दास ठाकुर
↓
स्व0 ज्योत्सना दास ठाकुर (पत्नी)
↓
रूप कुमार दास ठाकुर | स्व0 वृन्दावन दास ठाकुर

अनुमण्डल पदाधिकारी,
सदर, हजारीबाग

PR304297 (District)23-24*D



**झारखण्ड सरकार**

**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,गुमला।**

**SP आवास के पास, करमटोली रोड, गुमला-7209721521**

**Email Id- fisheriesgumla2018@gmail.com**

**आवेदन - आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गुमला जिला में वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्यादेश संख्या 16रा0(वि0) दिनांक 24.07.2023 के आलोक में मत्स्य प्रसार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना अन्तर्गत निम्नलिखित योजनाओं का लक्ष्य प्राप्त है एवं जिसके आलोक में निम्नांकित योजनाओं हेतु लाभुकों का चयन किया जाना है । अतः निम्न योजनाओं हेतु आवेदन आमंत्रित की जाती है ।

| क0 | योजना का नाम | ईकाई | लघु शीर्ष | भौतिक लक्ष्य | ईकाई अनुमान्य अनुदान | लाभुक का अंशदान | चयन हेतु अर्हताएँ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केज मत्स्य पालकों हेतु लाईफ जैकेट | सं0में | 796 | 50 | अधिकतम् मो0 1200/-रू0 | 25 प्रतिशत् अथवा मो0 400/-रू0 (ईकाई लागत का) | 1. केज मत्स्य पालक हो जिनके द्वारा वर्तमान मे मछली पालन किया जा रहा हो। 2. लाभुक द्वारा अपना अंशदान लगाने हेतु लिखित सहमति देना होगा। 3. विगत वर्षो का केज में मछली उत्पादन का आँकडा लिखित रूप में आवेदन के साथ संलग्न करना होगा। 4. सरकार का अंशदान 75 प्रतिशत् (प्रति हे0 भी अधिकतम् मो0 1200/-रू0 देय होगा एवं शेष अंशदान 25 प्रतिशत् लाभुक द्वारा वहन किया जाएगा।) |
| 2 | निजी क्षेत्र में महाझींगा पालन | एकड़ में | 796 | 05 | अधिकतम् मो0 128000/-रू0 | 20 प्रतिशत् अथवा अधिकतम् मो0 32000/-रू0 (ईकाई लागत का) | 1. आवेदक मत्स्य पालन से जुड़ा हो। 2. अपना निजी 01 एकड़ अथवा 0.50 एकड़ जलक्षेत्र का सदाबहार तालाब हो। 3. ST/SC/एवं महिला वर्ग के लिए राज्य सरकार का अंशदान मो0 128000/-रू0 प्रति एकड़ होगा शेष अंशदान लाभुक द्वारा वहन किया जाएगा। |
| | | | 789 | 01 | | | |
| 3 | पुरस्कार/सम्मान | संख्या में | 796 | 02 | अधिकतम् मो0 30000/-रू0 | - | उत्कृष्ट मत्स्य पालकों, मत्स्य बीज उत्पादकों तथा हैचरी संचालकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कार स्वरूप/सम्मानित करने हेतु अधिकतम् राशि मो0 30000/-रू0 प्रति चयनित कृषक पुरस्कार क रूप में 12 Paddle Wheel aerator (विभाग द्वारा अनुमोदित) अथवा मत्स्य बीज पैकेजिंग हेतु ऑक्सीजन सिलिन्डर (Accessories सहित) के क्रय हेतु प्रोत्साहन राशि उनके बैंक खाते में डी0बी0डी0 के माध्यम् से दी जाएगी । |
| 4 | मत्स्य कृषकों की गोष्ठी | संख्या में | 796 | 770 | - | - | इच्छुक मत्स्य मित्र पंचायत/प्रखण्ड स्तर पर मत्स्य कृषक गोष्ठी हेतु स्थल एवं वांछित विवरणी के साथ कार्यालय में सम्पर्क करें । |
| | | | 789 | 60 | | | |
| 5 | जलाशय स्तरीय मछुआरों के लिए I. Card | संख्या में | 796 | 30 | - | - | जलाशयों में मत्स्य शिकारमाही करने वाले मछुआरों वांछित कागजातों के साथ अपना निबंधन कराने हेतु आवेदन समर्पित कर सकते हैं । |

लाभुक अंशदान जमा होने के उपरांत ही लाभुकों को योजना का लाभ प्राप्त करने की अहर्त्ता प्राप्त होगी । एतद् द्वारा उक्त तालिका में दिए गए विवरणों के आलोक में गुमला जिला के ऐसे मत्स्य पालकों से जो आवेदन करने की अहर्त्ता रखते हैं एवं आवेदित कार्यक्रम के कियान्वयन में अंशदान लगाने में सक्षम हैं, उनसे आवेदन आमंत्रित किया जाता है ।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :- 16.08.2023

आवेदन जमा करने का स्थान :- जिला मत्स्य कार्यालय, गुमला ।

आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, गुमला में निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है ।

जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,गुमला

PR 304220 Fish(23-24).D

## तख्त श्री हरमंदिर जी प्रबंधक कमेटी प्रकरण

# झारखंड के सिखों का अधिकार बरकरार रहेगा : हेमंत सोरेन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सेन्ट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं संस्था सांझी आवाज के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आश्वस्त किया कि झारखंड के सिखों का अधिकार हर हाल में बरकरार रहेगा। जो पूर्व में मिल रहा है, वह मिलता रहेगा। इस संबंध में वे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से संपर्क कर सम्मानजनक समाधान निकालेंगे। प्रतिनिधिमंडल की ओर से पूर्व अध्यक्ष सतबीर सिंह सोमू एवं चेयरमैन जसवीर सिंह सिरे ने ज्ञापन सौंप कर बताया कि गुरु गोविंद सिंह जी की जन्मस्थली की देखरेख एवं प्रबंधन



कर रही संस्था 1955 से निबंधित है। पांच निर्वाचन क्षेत्र है उसमें दक्षिण बिहार एक है। दक्षिण बिहार से झारखंड अलग राज्य बनने के बाद भी यहां के गुरुद्वारे की सिंह सभाओं को मताधिकार रहा है परंतु अब काटने की कोशिश हुई है। जबकि बिहार पुनर्गठन अधिनियम के अनुच्छेद 84 एवं अनुच्छेद 85 के प्रावधान के अनुसार जिन विषयों पर नीतिगत फैसला नहीं हुआ है वह विषय यथावत बने रहेंगे। मुख्यमंत्री को यह भी बताया गया कि सिखों की भावनाओं को विधायक सरयू राय ने विधानसभा में भी रखा है। यहां उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री शहीद निर्मल महतो की शहादत दिवस में आयोजित कार्यक्रम में स्टेज पर थे और उन्होंने सिख प्रतिनिधिमंडल को वहीं पर बुलवाया और मांग पत्र लिया। इस प्रतिनिधिमंडल में कुलविंदर सिंह, चंचल सिंह भाटिया, अमरीक सिंह, सोनी सिंह, जगतार सिंह नागी, सतनाम सिंह सोहल, सरताज सिंह बाजवा, गुरप्रीत सिंह राजा, सरबजीत सिंह आदि शामिल थे।

## आगामी 9 सितंबर होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर पीडीजे की अध्यक्षता में बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** नालसा न्यू दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देशानुसार सरायकेला व्यवहार न्यायालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा आगामी 09 सितम्बर 2023 को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के संदर्भ में जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार की अध्यक्षता में संबंधित विभागीय पदाधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई। इस बैठक का संचालन विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव कुमार क्रांति प्रसाद द्वारा किया गया। बैठक में सर्टिफिकेट अफसर सुधा गुप्ता, एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट बबली कुमारी, उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा, एसडीओ बीएसएनएल, श्रम अधीक्षक, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर आदित्यपुर, डीटीओ सराईकेला सहित वन विभाग एवं खनन विभाग से भी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### सांसद विद्युत महतो संसद सत्र से लौटते ही शहीद निर्मल महतो को दी श्रद्धांजलि, कहा

# झारखंड को सही दिशा देने की जरूरत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सांसद विद्युत वरण महतो ने आज शहीद निर्मल महतो के शहादत दिवस के अवसर पर चमरिया गेस्ट हाउस एवं उलियान स्थित शहीद के बेदी पर पहुंचकर उन्हें अपनी पुष्पांजलि दी एवं अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर सांसद श्री महतो ने कहा की निर्मल दा ने झारखंड अलग राज्य के आंदोलन को एक नए मुकाम पर पहुंचाया और झारखंड के आंदोलन को जन-जन का आंदोलन बनाने का काम किया। सांसद श्री महतो ने कहा कि आज के अवसर पर हमें संकल्प लेना है कि जिस शोषण मुक्त और समरसता युक्त झारखंड के निर्माण का सपना उन्होंने देखा था उसके लिए अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। सांसद श्री महतो ने कहा निर्मल महतो झारखंड को भारत देश में ऐसा प्रदेश बनाना चाहते थे जहाँ एक मानव दूसरे मानव का शोषण नहीं करे। आज भी झारखंड में गरीबी और




बेरोजगारी चरम पर है। आज झारखंड राज्य को एक सही दिशा देने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि संसद सत्र चलने के कारण सांसद श्री महतो नई दिल्ली से चलकर आज संध्या बेला में जमशेदपुर पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। आज सांसद श्री महतो के साथ श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से नीरज सिंह, दीपू सिंह, धर्मेंद्र प्रसाद, प्रशांत पोद्दार, बिनोद राय,चंचल चक्रवर्ती, नागेंद्र पांडेय,ललन यादव ,अभय चौबे दीपक तिवारी,आनंद कुमार, कृष्णा यादव ,विराज,सुशील पांडे दीपू शर्मा , संजय रजक ,मारुति पांडे ,राहुल तिवारी, दीपक नाग, अशोक मिश्रा,आजाद समद, विनय कंचन,गोपाल जायसवाल,शंकर राय, राजू,बलबीर मंडल संजीव कुमार,नवजोत सिंह सोहेल, सागर राय, धरमा शर्मा, रोहन कुमार, अभिषेक चतुर्वेदी, कृष्णा यादव, टी डी गांगुली, दीपक नाग,सुनील यादव, सौरभ जायसवाल, मिक्की सोनकर शामिल थे।

## करीम सिटी कॉलेज में बीबीए छात्रों के लिए हुआ स्वागत समारोह



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** करीम सिटी कॉलेज साकची कैंपस के ऑडिटोरियम में बीबीए के नव नामांकित छात्र-छात्राओं के लिए स्वागत समारोह आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने की। सभा में बीबीए के विद्यार्थी तथा उनके अभिभावक शामिल हुए और कॉलेज के नियमों तथा सुविधाओं से अवगत हुए। बीबीए कोऑर्डिनेटर डॉ आफताब आलम ने सभी विद्यार्थियों तथा अतिथियों का स्वागत किया एवं स इस कोर्स में नामांकन कराने वाले छात्र-छात्राओं के लिए व्यापार क्षेत्र, निजी रोजगार तथा सरकारी नौकरियों में संभावनाओं के विषय पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में बीबीए का क्लास 16 अगस्त से प्रारंभ हो जाएगा। सभा का संचालन डॉ जाहिद परवेज ने किया तथा प्रो कस्तूरी ने धन्यवाद ज्ञापन कर सभा की समाप्ति की घोषणा की।

## पटमदा कीतापाठ पूजा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, भाजपा नेता मुचीराम बाउरी हुए शामिल



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड की गोबरघुसी पंचायत अंतर्गत बाटालुका गांव के समीप में स्थित कीतापाठ देवस्थान में मंगलवार को वार्षिक पूजा संपन्न हुई। इस पूजा अर्चना में पटमदा - बोड़ाम, जमशेदपुर के अलावे अन्य जगहों से भी हजारों की संख्या में पहूंचे महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने बारी बारी से पूजा अर्चना करते हुए परिवार की मंगल कामना की। हर साल बंगला सावन महीने के तीसरे मंगलवार को वार्षिक पूजा का आयोजन होता है।

## ग्रामीणों ने डा. विजय को सौंपा बिजली विभाग के नाम मांग पत्र

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बंदगांव प्रखंड के नया टोली गांव में पिछले एक माह से बिजली आपूर्ति ठप है। मंगलवार को ग्रामीणों की एक बैठक हुई। जिसमें समाजसेवी डा. विजय गागराई मौजूद थे। बैठक में ग्रामीणों ने पिछले 30 जुलाई से खराब पड़े ट्रांसफर्मर को लेकर चर्चा की और कहा कि ट्रांसफर्मर खराब होने के कारण गांव के 35 घरों में बिजली आपूर्ति ठप है। इसके बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग के नाम एक आवेदन बनाया। जिसमें सभी ग्रामीणों ने हस्ताक्षर किया और यह आवेदन समाजसेवी डा. विजय गागराई को सौंपा। बैठक में डॉ विजय सिंह गागराई ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य है कि लोगों को मूलभूत सुविधाएं सड़क,बिजली,पानी ,शिक्षा अवश्य उपलब्ध हो। इसको लेकर डीसी से मांग कर समस्या दूर करने का प्रयास करता हूं। बैठक में मुखिया करम सिंह मुंडारी, किशुन राम मछुवा, जीतेन्द्र मछुवा, सूरज मछुवा, बिनोद मुंडरी,सुखलाल मुंडरी सहित बड़ी तदाद में ग्रामीण शामिल थे।

## कुचाई में झामुमो ने मनाया शहीद निर्मल महतो का 36वां शहादत दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई में झामुमो ने वीर शहीद निर्मल महतो का 36वां शहादत दिवस मनाया। वहीं मंगलवार को कुचाई के झामुमो पार्टी कार्यालय में झामुमो प्रखंड कमेटी के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार मुंडा के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ताओं ने वीर शहीद निर्मल महतो के तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि भरत सिंह मुंडा रूगुडीह मुखिया करम सिंह मुंडा तिलोपदा मुखिया राम सोय महेश्वर महतो, राहुल सोय, भुवनेश्वर मुंडा, लखीराम मुंडा, गणेश भूमिज, ब्रजमोहन सोय, चंद्रमोहन मुंडा, बनवारीलाल सोय, विशाल सोय, रामलाल सोय, आदि उपस्थित थे .

# विभिन्न दलों के नेताओ ने दी शहीद निर्मल महतो को श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** शहीद निर्मल महतो के 36वें शहादत दिवस पर मंगलवार को गम्हरिया में विभिन्न दलों के नेताओ और कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर छोटा गम्हरिया के दुर्गापूजा मैदान स्थित उनके आदमकद प्रतिमा पर कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर गम्हरिया स्थित झामुमो कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष जगदीश महतो ने किया। मुख्य रूप से उपस्थित झामुमो केंद्रीय सदस्य गणेश चौधरी ने कहा कि शहीद निर्मल महतो दलित, शोषित औरगरीबों के मशीहा थे। विशिष्ट



अतिथि जिला उपाध्यक्ष अमृत महतो ने कहा कि शहीद निर्मल दा झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता थे। उनकी शहादत के बदौलत ही अलग झारखण्ड का निर्माण हुआ। किन्तु जिस झारखंड का सपना उन्होंने देखा था वह अभी तक नही बन पाया। इस मौके पर अमीन मंडल, गोरा बर्मन, बीरेंद्र प्रधान, अविनाश सोरेन, बबलू प्रधान, दीपक मंडल, लकडू महतो, आकाश दास, उत्तम दास समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे। भाजपा नेताओं ने भी रमेश हांसदा के नेतृत्व में शहीद निर्मल महतो को श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस मौके पर अभिजीत दत्ता, अमित सिंहदेव, विवेक कुमार, रश्मि साहू, राहुल कुमार, बाबू मार्डी, अमरजीत सिंह समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं, आजसू पार्टी की ओर से छोटा गम्हरिया स्थित शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके 36वें शहादत दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर आजसू श्रमिक संघ के जिलाध्यक्ष जसबीर सिंह बाबू, वरीष्ठ नेता दलबीर सिंह, केंद्रीय सचिव प्रो रविशंकर कुमार, प्रभाकर महतो, रंजय महतो समेत कई पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# निर्मल महतो को शहीद का दर्जा दे सरकार : टाइगर जयराम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** झारखंडी भाषा-खतियान संघर्ष समिति के सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो ने आज वीर शहीद निर्मल महतो के शहादत दिवस के मौके पर पटमदा प्रखंड के पश्चिम बंगाल सीमावर्ती ओड़िया पंचायत के वनडीह मोड़ व कमलपुर पंचायत के चड़कपाथर गांव में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति एवं स्थानीय ग्रामीणों के संयुक्त तत्वावधान से दोनों जगहों पर बनाये गए वीर शहीद निर्मल महतो के मूर्ति का अनावरण किया। मौके पर जयराम ने निर्मल महतो के हत्या की जांच एनआईए द्वारा करने एवं



निर्मल महतो को शहीद का दर्जा देने की मांग सरकार से की, शहीदों के स्वप्नों का झाड़खण्ड बनाने के लिए हर चुनौतियों से टकराने की बात की। उनके विचार, आदर्श, साहस एवं मूल्य को जिन्दा रखना हर झाड़खण्डी का कर्तव्य है खासकर युवाओं की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर हजारों समर्थक उपस्थित थे। उसके बाद पुरे रास्ते निर्मल महतो की जयकारे के साथ युवाओं ने बाइक रैली के साथ टाइगर को चड़कपाथर ले पंहुचे। वहाँ मूर्ति का अनावरण करने के पश्चात टाइगर जयराम के नेतृत्व में करीब 600 बाइक से युवाओं का हुजूम बाइक रैली के स्वरूप में निर्मल महतो के समाधी स्थल कदमा उलियान के लिए प्रस्थान किया। वहां शहीद निर्मल महतो के मूर्ति पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। मौके पर मोतीलाल महतो, जिला परिषद खगेन महतो, माणिक चंद्र बेसरा, तपन महतो, विश्वनाथ महतो, चंदन महतो, दया सागर महतो, बंकिम महतो, पिंटू महतो, पबित्र महतो, बुध्देश्वर महतो, उत्तम महतो, परान महतो भबतारण आदि शामिल थे।

## दुलमी आदारडीह केनाल टूटा खेतों में लगा धान हुआ नष्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के दुलमी आदारडीह पक्की केनाल आदारडीह के पास मंगलवार को टूट गया। केनाल टुटने से 30 से 50 एकड़ खेतों का मेड़ टुट गया जिससे खेतों में रोपे धान भी बहकर नष्ट हो गया। कांची सिंचाई परियोजना से केनाल में पानी छोड़ा गया था, जिससे पानी का बहाव से पक्की केनाल सह नहीं पाया और देखते ही देखते टुट गया। आजसु के जिला सचिव बीरेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि



उन्होंने कहा कि नहर का पक्कीकरण के समय घटिया निर्माण का विरोध किया जाता, तो शायद आज किसानों का फसल बर्बाद नहीं होता और केनाल भी नहीं टुटता। उन्होंने सिंचाई विभाग से केनाल का मरम्मती करने व किसानों को मुआवजा देने का मांग किया है।

## निर्मल महतो शहादत दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर में शामिल हुए विधायक सुखराम उरांव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** मंगलवार को शहीद निर्मल महतो की शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा सह रक्तदान शिविर आयोजन राखा, आसनतलिया स्थित शहीद निर्मल महतो कुड़मी भवन में आयोजित किया गया। जहां पर शहीद निर्मल महतो की तस्वीर पर श्रद्धांजलि दी गई। जिसका उदघाटन विधायक सुखराम उरांव, पूर्व विधायक बहादुर उरांव, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष श्याम सुंदर महतो, बलराज हिंदुअर, भुवनेश्वर महतो, ओमप्रकाश महतो, गौरी शंकर महतो, प्रवीर प्रमाणिक, लक्ष्मण महतो, राहुल आदित्य, दिनेश जेना, सदानंद होता, विजय मेलगांडी, राजकिशोर महतो, विनोद भागेरिया, करण महतो आदि मौजूद थे। वहीं रक्तदान शिविर का भी शुभारंभ किया



गया। जिसमें रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।

### झारखंड के मसीहा निर्मल महतो को श्रद्धांजलि देने उलियान पहुंचे आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो-बोले

# निर्मल दा का अधूरा सपना करेंगे पूरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**आदित्यपुर/जमशेदपुर :** झारखंड के इतिहास में पहली बार कदमा उलियान का मैदान अजसूमय हो गया. मौका था झारखंड के मसीहा निर्मल महतो के शहादत दिवस का। इस अवसर पर आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो ने शाहिद स्थल पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर आजसू के सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा आजसू संस्थापक वीर शहीद निर्मल महतो का सपना आज भी अधूरा है। उनके सपनों को आजसू पार्टी पूरा करेगी।



इस मौके पर उनके साथ केंद्रीय सचिव सुसैन महतो ,पूर्व मंत्री रामचंद्र सहित, हरेलाल महतो, जिला अध्यक्ष सचिन महतो, कन्हैया सिंह सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अग्रसेन भवन में धूमधाम से मना भायली महिला मण्डल का सावन सिंधारा महोत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मंगलवार को शहर की सामाजिक संस्था भायली महिला मंडल सोनारी द्वारा श्री राणी सती दादी जी का मंगल पाठ एवं अष्टम सावन सिंधारा महोत्सव साकची श्री अग्रसेन भवन में धूमधाम से मनाया गया। यजमान सीमा-विनोद डंगबाजिया ने पूजा की और विपिन प्रडित ने पूजा करायी। 500 से अधिक महिलाओं ने चुंदड़ी ओढ़े रंगबिरंगी साड़ी धारणकर एक स्वर में सामूहिक मंगल पाठ किया। दादी जी का सवामणी का भोग भी सामूहिक किया गया। शहर के प्रसिद्ध भजन गायक महावीर अग्रवाल मुन्ना ने मंगल पाठ वाचन का शुभारंभ म्हारा प्यारा रे गजानन आईज्यो.... गणेश वंदना से किया। इस धार्मिक कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भव्य दरबार, चुनरी उत्सव, गजरा उत्सव, मन भावन नृत्य महोत्सव, सवामणी प्रसाद, महा प्रसाद तथा छप्पन भोग और महाआरती रहा। ओमप्रकाश रिंगसिया, पवन अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, ललित डांगा, मदन अग्रवाल, संदीप बजाज, महावीर अग्रवाल, शरत अग्रवाल आदि ने दादी के दरबार में हाजरी लगायी। इस धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में प्रमुख रूप से अध्यक्ष कविता अग्रवाल, सचिव मंजू अग्रवाल, सुमन, मैना, विमला, नीलम, लता, कविता, सीमा, कंचन, स्वाती, भारती, प्रीति, काजू, झुमकी, लक्ष्मी, राधा एवं सस्था की पूरी टीम समेत राजस्थान कल्याण परिषद (श्री अग्रसेन भवन साकची) के अध्यक्ष राम कृष्णा चौधरी एवं ओमप्रकाश रिंगसिया आदि का योगदान रहा।

## धर्मेंद्र सोनकर के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने शहीद निर्मल महतो को दी श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मंगलवार को वीर शहीद निर्मल महतो के 36 वें बलिदान दिवस के अवसर पर उलियान, जमशेदपुर में शहादत दिवस कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमे विभिन्न दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नगर, धर्मेंद्र सोनकर, जिला उपाध्यक्ष बबलू झा, अफसर इमाम, चिंटू रईस रिजवी छब्बन, अमित दुबे, एसआरके कमलेश, सुरेंद्र शर्मा, ईश्वर चंद्र गुप्ता, आजम सफी,



मनीष सिंह, शेखर बिरूवा, अमित राव रिजु एवं अन्य मौजूद थे।

## नवोदय प्री टेस्ट में अव्वल बच्चों को किया गया पुरस्कृत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** इंटक के प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय ने कहा कि शिक्षा से ही समाज का विकास संभव है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्र दुग्धा पंचायत भवन में बच्चों के लिए आयोजित नवोदय प्री टेस्ट में अव्वल बच्चों को संबोधित करते हुए पांडेय ने इसके आयोजक उप मुखिया दिलीप महतो के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के शैक्षणिक कार्यक्रम से बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्र के शिक्षाविद छायाकांत गोराई ने शिक्षा के विकास पर बल दिया।

## झारखंड शिक्षा परियोजना कर्मी संघ ने शहीद निर्मल महतो को किया याद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** झारखंड शिक्षा परियोजना कर्मी संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा मोहन महतो एवं सहायक अध्यापक टेट पास संघ के जिला उपाध्यक्ष तिलोक प्रसाद महतो ने सिंहपुर चौक पर स्थित वीर शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया. कहा निर्मल दा का एक ही सपना था कि अपना अलग झारखंड प्रांत हो, ताकि यहां रहने वाले लोगों को शोषण, उत्पीड़न, अत्याचार और भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाई जा सके। उन्होंने अलग राज की लड़ाई के लिए युवाओं को लामबंद कर जो अलख जगाई थी उसे भुलाया नहीं जा सकता.

## आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका एवं सेविकाओं का उन्मुखीकरण को लेकर कार्यशाला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को समाज कल्याण विभाग एवं यूनिसेफ के संयुक्त पहल से स्वच्छता को लेकर एक दिवसीय उन्मुखीकरण को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रेनू रवि एवं यूनिसेफ की स्टेट कंसलटेंट गौरव वर्मा ने किया।एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि लातेहार जिले में 972 आंगनबाड़ी केंद्रों मैं विभिन्न प्रकार की गतिविधियां चलाई जा रही है, परंतु यूनिसेफ के सहयोगी टीम वर्ल्ड विजन इंडिया के सहयोग से आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छता के मानकों पर काम किया जा रहा है । जिसके तहत जिले के प्रखंडों के 50 आंगनबाड़ी केंद्रों को मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। कार्यशाला को संबोधित करते हुए स्टेट कंसलटेंट गौरव वर्मा ने कहा कि बच्चों में आंगनबाड़ी केंद्र से ही स्वच्छता को लेकर जागरूकता होनी चाहिए।जिले के ऐसे आंगनबाड़ी केंद्र जहां शौचालय एवं पेयजल की सुविधा उपलब्ध नहीं है। आंगनबाड़ी केंद्रों मे पेयजल, शौचालय, हैंड वॉश यूनिट के साथ-साथ आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाली किशोरी बच्चियों के लिए माहवारी स्वच्छता प्रबंधन को लेकर जागरूक किया जायेगा। उन्मुखीकरण कार्यशाला में जिले के सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, आंगनबाड़ी केंद्र की पर्यवेक्षिका, डीएमएफटी टीम लीड विभु महापात्रा, सोनाम खोगारी मुखिया सुनीता देवी, संजीत कुमार, प्रिंस कुमार, सोनाली कुमारी,मृदुला समेत चयनित 50 आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका मौजूद रही।

## मलेरिया व फलेरिया उन्मूलन को लेकर विद्यालय से निकाला जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय बारीयातु व झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मलेरिया व फलेरिया से बचाव के लिए जागरूकता रैली निकाली द्य जागरूकता रैली मे राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापिका अनिता देवी शिक्षक महेंद्र प्रजापति, सोनु कुमार, कविता कुमारी, नेलिजेन, मालती कुमारी ने विद्यालय के अध्यनरत छात्र-छात्राओं के पंक्तिबद्ध तरीके से हाथ मे बैनर तक्तिया लेकर मलेरिया और फलेरिया के इलाज व बचाव सम्बंधित नारे लगाते हुए मुख्यालय क्षेत्र के मुख्य मार्ग रैली निकाल कर लोगों को जागरूकता किया वहीं आसपास मे साफ-सफाई करने व मलेरिया और फलेरिया बीमारी के लिए जाँच व इलाज के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। रैली के माध्यम से अभियान चलाने के पश्चात् पुनः विद्यालय परिसर पहुंचे। जहाँ सभी छात्राओं ने पठन-पाठन का कार्य प्रारम्भ किए। मौके पर विद्यालय के सभी वर्गो के छात्र छात्राओं ने जागरूकता रैली मे मुख्य भूमिका निभा रहे थे।

## उपायुक्त के निर्देश पर अपर समाहर्त्ता पवन मंडल ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गई।जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, राशन कार्ड, दिव्यांग पेंशन, वृद्धा पेंशन समेत अन्य मामले शामिल थे। गौरतलब है कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## हाइवा का टायर ब्लास्ट होने से तीन घायल

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी के कांटा नंबर 17 के पास मंगलवार को एक हाईवा का टायर फटने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । घायलों में राजेंद्र उरांव 35 वर्ष पिता श्रीनाथ उरांव खलारी जिला रांची निवासी, जयप्रकाश गंझु 25 वर्ष पिता हेमंत गंझु ग्राम सराधु टंडवा, बसंत कुमार 41वर्ष पिता रामशरण साहू ग्राम भगिया थाना बालूमाथ निवासी शामिल है ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मगध कोलियरी अंतर्गत कांटा नंबर 17 के पास एक पंचर दुकान में वे लोग खड़े थे ।जहां एक हाईवा पंचर ठीक करा रहा था। पंचर ठीक होने के बाद टायर दुकान के मिस्त्री ने जैसी ही उसमें हवा भरा तो टायर ब्लास्ट कर गया। और कोयला का रोड़ा छिटकर तीनों को जा लगा। जिससे सभी घायल हो गये। घटना के बाद स्थानीय लोगों की सहयोग से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया यहां डॉक्टर ध्रुव कुमार के द्वारा सभी घायलो का प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल जयप्रकाश गंझु और बसंत कुमार की स्थिति को गंभीर देखते हुए रांची रिम्स रेफर किया गया।

## रूपाली का जलवा सब जूनियर एवं जूनियर राज्यस्तरीय ताइक्कांडो में जीती सिल्वर पदक, गांव की बढ़ायी मान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** प्रखंड के ढोढी गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद वर्मा की पुत्री रूपाली वर्मा ने कोल नगरी धनबाद में आयोजित 23वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर एवं जूनियर ताइक्कांडो प्रतियोगिता ने सिल्वर मेडल यानि रजत पदक अपने नाम कर अपने मां-बाप के साथ गांव प्रखंड और चतरा जिला का नाम रोशन की है। रूपाली वर्मा के द्वारा राज्य स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में रजत पदक जीते जाने के बाद सदर विधायक (हजारीबाग) मनीष जायसवाल भाजपा कार्यालय में आमंत्रित कर बेहतर भविष्य के लिए अपना आशीर्वाद दिया। रूपाली के सर पर हाथ फेरते हुए विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि भारत में बेटियां सदियों से हर क्षेत्र में परचम लहरा रही है। मुझे हिंदुस्तान की बेटियों पर गर्व है। रूपाली वर्मा ने इस दौरान प्रभात मंत्र से बातचीत करते हुए कहा कि मां पिताजी और घर के सभी सदस्यों का सपना था कि मैं खेल के क्षेत्र में अपना कदम बढाऊं और आज मैंने पहला कदम रखा है जिसमें मुझे रजत पदक के रूप में सफलता मिली है यह शुरुआत है। आपको बता दें कि रूपाली वर्मा इससे पहले हजारीबाग जिला स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक अपने नाम कर चुकी है।रुपाली ताइक्कांडो के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रही है और इसका श्रेय आरसी रेजिडेंशियल मिशन के संचालक मिंकु कुमार को भी जाता है। इनके पिता एक किसान है और खेती बारी करके अपनी बेटी रूपाली की पढ़ाई हजारीबाग के आरसी मिशन रेजीडेंशियल स्कूल में पढ़ा रहे हैं।जो अन्य किसान वर्ग के लोगों के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में जनता दरबार का हुआ आयोजन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी ललिता बाखला की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। आयोजित जनता दरबार में जन्म प्रमाण पत्र के लिए 21 आवेदन, मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए एक आवेदन, विधवा पेंशन के लिए 3 आवेदन, वृद्धा पेंशन के लिए 13 आवेदन, विकलांग पेंशन के लिए एक आवेदन,पेंशन जांच हेतु पांच आवेदन, मनरेगा जॉब कार्ड के लिए दो आवेदन प्राप्त हुए ।मौके पर पेंशन जांच हेतु पांचो आवेदन का मौके पर निष्पादन किया गया। आयोजित जनता दरबार के बारे में जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ललिता बाखला ने बताया की लातेहार उपायुक्त के निर्देश पर प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को बालूमाथ प्रखंड कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। और जनता दरबार में आने वाले मामलों का त्वरित निष्पादन किया जाता है । उन्होंने ग्रामीणों से जनता दरबार में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का अपील किया। मौके पर प्रखंड महिला प्रसार पदाधिकारी मोनिका मींज, प्रधान सहायक राजीव रंजन, प्रखंड कृषि पदाधिकारी मनीष पांडे, ग्राम सेविका ममता कुमारी, सोनू कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## छिपादोहर रेलवे स्टेशन पर रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव शुरू



**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा लोकसभा के सांसद सुनील कुमार सिंह के सराहनीय प्रयास से रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव मंगलवार से शुरू हो गया है। जहां ठहराव के निर्धारित समय पर मुख्य रूप से जिला सांसद प्रतिनिधि श्री विनित मधुकर की उपस्थिति रही। मौके पर सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद सांसद प्रतिनिधि वन पर्यावरण विभाग अजय सोनी के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने एक्सप्रेस ट्रेन के ड्राइवर और गार्ड को माला एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया साथ ही एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।वहीं कन्हाई प्रसाद ने बताया कि छिपादोहर रेलवे स्टेशन में ग्रामीणों की समस्या और मांग को देखते हुए देर से ही सही माननीय सांसद सुनील कुमार सिंह के सराहनीय प्रयास से आखिरकार रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव हो ही गया। वहीं छिपादोहर रेलवे स्टेशन एवं ट्रैक को हटाए जाने की खबर अफवाह थी। इन्होंने बताया कि महुआडांड़,गारु,छिपादोहर समेत सुदूरवर्ती इलाकों के वासियों को आवागमन की सुविधा मिलेगी। वहीं क्षेत्र की जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं ने माननीय सांसद महोदय के प्रति आभार प्रकट किया है। मौके पर छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, भीमानंद गिरी रामधनी सिंह भाजयुमो जिला मंत्री अजय प्रसाद भाजपा मंडल महामंत्री श्री मुन्ना गुप्ता, सुनील सिंह प्रवीण कुमार दीपक तिवारी राजू प्रसाद सुधीर प्रसाद राजकुमार ठाकुर आनंद प्रसाद समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मनरेगा कर्मियों एवं मुखिया के साथ बीडीओ ने किया बैठक दिए कई निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर सभागार में बिडियो संजीत कुमार सिंह ने मनरेगा कर्मियों एवं प्रखंड के सभी मुखिया के साथ मंगलवार को बैठक किए। बैठक में सर्वप्रथम अमृत सरोवर के तहत 9 अगस्त से 12 अगस्त तक अभियान चलाकर सभी जगहों से माटी लाकर 12 अगस्त को कलश यात्रा करने की बातें कही। गई।जो सभी पंचायत सचिवालय में स्थापना की जाएगी। एवं अन्य मनरेगा योजना कार्य में तेजी लाने की बात कही गई।मौके पर उपस्थित मुखिया डेगन गंझू बीपीओ रामकुमार सिंह कनिय अभियंता सचिन कुमार पंचायत सेवक दिगंबर पांडेय जनसेवक चितरंजन शर्मा उज्जवल कुमार सिंह रोजगार सेवक पार्वती देवी शालिनी कुमारी सत्येंद्र कुमार कंप्यूटर ऑपरेटर अभय कुमार मुखिया प्रतिनिधि मुकेश साव दिनेश भारती उपस्थित थे।

## झंडा तोलन के समय निर्धारण को लेकर बीडीओ व सीओ ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर के सभागार में 15 अगस्त को झंडोत्तोलन एवं समय निर्धारित को लेकर मंगलवार को बैठक की गई। बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक ने प्रखंड के सभी विभाग कर्मियों के साथ किया?। जहां बतलाया गया कि प्रखंड कार्यालय में 9:00 बजे सिंगल विंडो में 9:15 बजे पंचायत सचिवालय गिद्धौर में 9:20 बजे थाना परिसर में 9:30 बजे व सभी पंचायत सचिवालय में 9:30 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर 9:45 बजे प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय गिद्धौर में 10:00 बजे एवं कस्तूरबा आवासीय उच्च विद्यालय गिद्धौर में 10:15 बजे झंडोत्तोलन का कार्यक्रम किया जाएगा। जहां प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधि पदाधिकारी समाजसेवी गणमान्य लोगों को सादर आमंत्रित किया गया है।

## राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण को लेकर चला स्कूल जागरूकता कार्यक्रम





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के बरवाडीह प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुंडू में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को स्कूल जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। वहीं कार्यक्रम में जिला परामर्श सह अस्पताल प्रबंधक नागेंद्र कुमार व कुणाल कुमार ने तंबाकू के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में छात्रों को जानकारी दी। उन्होंने आगे कहा की सिगरेट बीड़ी पान और गुटखा का जैसे तंबाकू पदार्थों के सेवन से मुंह का कैंसर होने के साथ अन्य कई तरह की बीमारियां होने की संभावना बनी रहती है। गंभीर बीमारियों के कारण लोग समय से पहले जान से हाथ धो बैठते हैं। तंबाकू का सेवन शरीर के लिए नुकसानदायक है।इस दौरान जिला परामर्श सह अस्पताल प्रबंधक नागेंद्र कुमार एवम कुणाल कुमार ने राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के दौरान बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता भी कराया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार दिनेश कुमार , दूसरा सत्रुधन कुमार और तीसरा पुरस्कार लव कुमार यादव को दिया गया। साथ ही सांत्वना पुरस्कार भी बच्चों के बीच पुरस्कृत किया गया।मौके पर शिक्षक सुरेश प्रसाद,समेत कई लोग मौजूद थे।

## 108 का थमा पहिया, कर्मी गए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के स्वास्थ्य सेवा में अहम भूमिका निभाने वाले एंबुलेंस के पहिए को ब्रेक लग गई है। लातेहार जिले के सदर अस्पताल परिषर में स्थित सीएस कार्यालय के बाहर 108 एंबुजलेंस चालक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। एंबुलेंस के टेकनिकल कर्मी ने गौतम यादव ने कहा कि हम सभी को पिछले पांच माह से वेतन नहीं मिल रहा है। हमारी कंपनी जेडीएल ने पांच माह से वेतन बकाया रखा है, जिसकी वजह से हमारा परिवार आर्थिक तंगी झेलने को मजबूर हो गया है। हमारी आर्थिक स्थित चरमरा गई है। परिवार का भरण पोषण करने सहित पारिवारिक जीवन की गाड़ी नहीं चल पा रही है चालकों ने कहा कि हमसे कोरोना काल में भी 2 साल काम लिया गया और प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित करने का भी वादा किया गया था।उसे भी नहीं किया गया और ना हमारा बकाया वेतन दिया जा रहा है । अधिकारियों के पास कई बार हम लोगों ने अपनी वस्तु की स्थिति बताई इसके बावजूद भी हमारी बातें नहीं मानी गई। मजबूरन अपनी मांगों को लेकर आज हम सभी अनिश्चितकालीन हड़ताल करना पडा। मौके पर एंबुलेंस चालक मदन कुमार महतो, बुगन राम, चंदन सिंह, इरशाद अंसारी, अभिषेक कुमार, शंकर शाहनी, फुलेशेर नागेसिया, पंकज कुमार रवि टेकनिकल कर्मी मुखलाल कुमार, दिनेश कुमार, गौतम कुमार यादव, टिंकू यादव, शांतिमय मंडल, दीपांकर कुमार, उमेश कुमार, सुखलाल कुमार शामिल मौजूद रहे।

## सर्वजन दवा सेवन अभियान 10 अगस्त से, फाइलेरिया उन्मूलन के लिए खिलायी जायेगी दवा





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सर्वजन दवा सेवन अभियान 10 अगस्त से प्रारंभ किया जायेगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस अभियान की तैयारी पूरी हो चुकी है।सभी प्रखंडों के अंतर्गत आने वाले सामुदायिक तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्यकर्मियों को सर्वजन दवा सेवन अभियान संबंधी प्रशिक्षण दिया गया है। स्वास्थ्यकर्मियों को दवा सेवन कराने का प्रशिक्षण स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर सहयोगी संस्था पीसीआई और पीरामल द्वारा दी गयी है। सभी योग्य लाभुकों को स्वास्थ्यकर्मी अपने सामने ही दवा का सेवन करायेंगे। मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान में तीन प्रकार की दवा का सेवन कराया जायेगा। इनमें डीईसी और अल्बेंडोजोल के अलावा आइवरमेक्टिन को शामिल किया गया है। ये जानकारी सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान से पूर्व आयोजित मीडिया ब्रीफिंग के दौरान सिविल सर्जन डॉ जगदीश प्रसाद ने दी। इस मौके पर उनके साथ क्षेत्रीय मलेरिया पदाधिकारी डॉ श्याम किशोर कांत तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन के जोनल कॉर्डिनेटर डॉ एजिहिलारसन, वीबीडी कंसल्टेंट अभिमन्यू कुमार, एफएलए प्रदीप सोनी भी मौजूद रहे। सिविल सर्जन ने अपील किया कि लोग स्वास्थ्यकर्मियों के सामने ही दवा का सेवन करें. उन्होंने बताया कि इस अभियान में सभी प्रखंडों में छह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के तहत आने वाली एक हजार 468 गांवों के दो लाख 56 हजार 87 घरों को कवर किया जायेगा। इन घरों की 10 लाख 98 हजार 283 लोगों को दवा सेवन कराने का लक्ष्य रखा गया है।दवा सेवन अभियान के लिए पूरे जिला में 1565 बूथ बनाये गये हैं।अभियान में तीन हजार 132 स्वास्थ्यकर्मियों को लगाया गया है।169 सुपरवाइजरों को दवा सेवन कार्यों के अनुश्रवण की जिम्मेदारी सौंपी गयी है. दवा की आपूर्ति की जा चुकी है।इस मौके पर डॉ श्याम किशोर कांत ने बताया कि दवा सेवन से पूर्व आवश्यक बातों का ध्यान रखा जाना है। दवा का सेवन भूखे पेट नहीं कराया जाना है।साथ ही दो वर्ष से छोटे बच्चे, गर्भवती महिलाएं और गंभीर रोग से बीमार व्यक्ति को दवा नहीं खिलानी है।हाथीपांव जैसे गंभीर रोग की रोकथाम के लिए दवा का सेवन जरूरी है। फाइलेरिया से संक्रमित व्यक्ति के पैर में सूजन आ जाती है। इसे आम भाषा में हाथीपांव भी कहा जाता है।य

## आजसू कार्यकर्ताओं ने मनाया शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** आजसू कार्यालय चंदनडीह स्कूल के समीप लातेहार में शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता लातेहार जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय के द्वारा किया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष ने कार्यक्रम द्वारा निर्मल महतो के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सूदखोरों के खिलाफ आंदोलन चलाने वाले निर्मल महतो ने झारखंड अलग राज्य के लिए चलाए गए आंदोलन में अहम भूमिका निभाई थी।निर्मल महतो ने शोषण के विरुद्ध एवं गरीबों, मजदूरों, किसानों के हक के लिए आवाज उठाई और जमीनी स्तर पर युवाओं को जोड़ने का काम किया। उन्होंने आजसू के नेताओं को आंदोलन की बारीकियों से अवगत कराया। झारखंड में इंटर फेल विद्यार्थियों पर लाठीचार्ज के खिलाफ धनबाद बंद का मिला जुला असर जगह-जगह प्रदर्शन किया। झारखंड अलग राज्य के लिए आंदोलन ने इस कदर रफ्तार पकड़ ली कि तत्काल प्रधानमंत्री राजीव गांधी व तत्कालीन भारत के गृह मंत्री बूटा सिंह को दिल्ली में कई बार आजसू से वार्ता करनी पड़ी, आखिरकार झारखंड स्वयं स्वायत्तशासी परिषद फिर झारखंड अलग राज्य का गठन हुआ, लेकिन यह देखने के लिए निर्मल महतो जीवित नहीं रहे और 8 अगस्त 1987 को निर्मल महतो की हत्या कर दी गई। आज भी झारखंड के सभी युवा उनके नक्शे कदम पर चलने की प्रेरणा लेते हुए आजसू पार्टी में अहम भूमिका निभा रहे हैं। मौके पर मुख्य रूप से जिला प्रवक्ता नितेश पाण्डेय उपाध्यक्ष बिट्टू दास कोषाध्यक्ष सद्दाम अंसारी राकेश सिंह प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव सोनू कुमार राहुल दुबे श्याम प्रसाद सुधीर चौधरी अमित कुमार सचिन कुमार सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सिमरिया पुलिस पर रूपये लेकर एक तरफा कार्रवाई का लगाया आरोप : ग्रामीण

**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया पुलिस ने मारपीट के एक मामले में एक अजीब खेल रचा है। एक हीं तरह के मामले में एक को राहत देते हुए खुली छूट दे रखी है वहीं दुशरे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इधर ग्रामीण और परिजन पुलिस की इस तरह की दोहरी नीति से आक्रोषित है। जानकारी के मुताबिक बीते 26 जुलाई को जमीनी मामले को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी। जिसे लेकर प्रथम पक्ष मो अमीरुल्लाह पिता इस्माइल मियाँ एवं दुशरे पक्ष के मो अयूब ने मारपीट को लेकर अलग अलग आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। सिमरिया पुलिस ने दोनों आवेदनों के अवलोकन के बाद दोनों पर 307 और 379 गैर जमानती धारा के अलावे अन्य धारा लगाया है। जबकि हैरत वाली बात यह है कि सिमरिया पुलिस ने एक पक्ष के आवेदन कर्ता मो अयूब को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ।वहीं दुशरे पक्ष के आवेदन कर्ता मो अमीरुल्लाह को खुली छूट दे रखी है। पुलिस की इस तरह एक तरफा कार्रवाई से उनके कार्य शैली पर सवाल खड़ा हो रहा हैं। वहीं जेल गए पक्ष के मो मोदस्सिर ने पुलिस के इस कार्रवाई की निन्दा की है। साथ हीं पुलिस पर रूपये लेकर एक तरफा कार्रवाई की बात कही है।

## सरिया पुलिस ने चार वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पुलिस ने मंगलवार को चार आजमानतिय वारंटीयो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जिसमें तीन के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज था वहीं एक व्यक्ति को चेक बाउंस के मामले में अभियुक्त बनाया गया था । जेल भेजें जाने वालो में क्रमशः बबलू सोनार उम्र लगभग 42 पिता महावीर सोनार, बड़की सरिया, बंशी पंडित उम्र लगभग 60 वर्ष केशवारी, अजित कुमार उम्र लगभग 29 वर्ष पिता-रतन स्वर्णकार बड़की सरिया एवं दामोदर मंडल, उम्र (42) पिता -वकील मंडल नगर केशवारी निवासी शामिल हैं। इस बाबत थाना प्रभारी अनीश पांडेय ने बताया कि उक्त चारों के खिलाफ सरिया थाना में मुकदमा दर्ज था, जिनके खिलाफ माननीय न्यायालय के द्वारा अजमानतीय वारंट जारी की गई थी उसी के आलोक में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## एमबीबीएस में नामांकन का तीसरा दिन 100 छात्रों का होगा एडमिशन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में स्टेट कोटे से नामांकन के पहले राउंड के तीसरे दिन मंगलवार को कई छात्र नामांकन कराने पहुंचे। बता दें कि रविवार से ही स्टेट कोटे से एमबीबीएस में पहले राउंड का नामांकन शुरू हो गया है। मंगलवार की सुबह से ही छात्र अपने घर वालों के साथ नामांकन के लिए एसएनएमएमसीएच पहुंचने लगे हैं। 10 बजे से नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मेडिकल कॉलेज के नामांकन इंचार्ज डॉ गणेश कुमार अपनी टीम के साथ छात्रों के नामांकन की प्रक्रिया पूरी करवा रहे हैं। मालूम हो कि इस साल एमबीबीएस में 100 सीटों पर एसएनएमएमसीएच में नामांकन लिया जा रहा है। इनमें 15 सीट ऑल इंडिया कोटा की है। जबकि 83 सीट स्टेट कोटे की है। दो सीट सेंट्रल नॉमिनी कोटे की है।

## घनी आबादी के बीच ट्रांसफार्मर में लगी आग



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लुबी सर्कुलर रोड देर रात ट्रांसफार्मर में बारिश के वजह से चिंगारी उत्पन्न होने के बाद लगी आग। घटना के संबंध में बताया जाता है कि देर रात हेम टावर के बाहर बारिश के वजह से ट्रांसफार्मर में चिंगारी के साथ लगी आग जिसके बाद लुबी सर्कुलर रोड के क्षेत्र में बिजली गुल हो गई। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी बिजली विभाग को दी जिसके बाद आनन-फानन में बिजली बाधित की गई और देर सुबह तक मरम्मत का कार्य नहीं किया गया जिससे लोगों ने बिजली विभाग के प्रति आक्रोश जताया है। जबकि घनी आबादी के बीच ट्रांसफार्मर में आग लगी की घटना बिजली विभाग की लापरवाही को दर्शाता है जिसे समय रहते मरम्मत कार्य नहीं किया जाना विभाग की दुर्भाग्य है जबकि अन्य क्षेत्र की बिजली व्यवस्था की कार्य पर भी सवाल उठना लाजिमी है।

## वृद्धा आश्रम में मनी जयराम सिंह की तीसरी पुण्यतिथि

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को लोहार बरवा टुंडी रोड आसन डाबर स्थित असहाय वृद्धजनों का सेवा आश्रय स्थल लालमनी वृद्धा सेवा आश्रम 'अपना घर' में झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने अपने पिता स्वर्गीय जयराम सिंह की तीसरी पुण्यतिथि आश्रम के बुजुर्गो संग उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा के साथ मनाया। इस अवसर पर वृद्धजनों के लिए स्वादिष्ट भोजन का प्रबंध किया गया था। मुकेश सिंह ने बताया हर वर्ष अपने स्वर्गीय पिता की पुण्यतिथि इसी सेवा स्थल पर मनाना पसंद करते हैं। उपस्थित उदय प्रताप सिंह ने कहा मैं धनबाद वासियों से आग्रह करूंगा कि घर में अपने माता-पिता का ध्यान रखें। आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी एवं ओंकार मिश्रा ने आश्रम में आए सभी का स्वागत कर आभार जताया। पुण्यतिथि के मौके पर उदय प्रताप सिंह, मुकेश सिंह, पूनम सिंह, मनोज कुमार सिंह, मधु सिंह, आदित्य कुमार सिंह, पंकज कुमार सिंह, जय कुमार सिंह, नौशाद गद्दी, ओंकार मिश्रा, अजय पांडे समेत अन्य सेवाकर्ता उपस्थित थे।

# धनबाद : बाइक सवार नकाबपोश अपराधियों ने साइबर कैफे पर चलाई तीन राउंड गोली





प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** भूली थाना क्षेत्र स्थित आरा मोड़ के समीप जिया साइबर कैफे संचालक परवेज पर मंगलवार को दिनदहाड़े दो हथियारबंद अपराधियों ने फायरिंग कर फरार हो गए। घटना में कैफे संचालक बाल बाल बच गया। घटना से संचालक सहित पूरे क्षेत्र के लोगों में दहशत फैल गई है।

घटना की जानकारी पा कर भूली और बैंक मोड़ थाना की पुलिस मौके पर पहुची और कैफे संचालक से घटना की जानकारी ली। पुलिस अपराधियों के धरपकड़ के लिए वहाँ लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने मौके से तीन खोखा भी बरामद किया है। कैफे संचालक ने घटना के संबंध में बताया कि वासेपुर का मोस्टवांटेड अपराधी प्रिंस खान ने उससे तीन लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी जिसे वह नही दे सका। उसी रंगदारी को लेकर आज बाइक सवार प्रिंस खान के दो गुर्गो ने सड़क से कैफे पर तीन गोलियां फायर कर दी। जिसमे वह वह बालबाल बच गए।

## टुंडी : युवाओं की बहादुरी से अपराधी रिवाल्वर व मोटरसाइकिल सहित पकड़ाया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के पुरनाडीह के ग्रामीणों के अदम्य साहस से शातिर अपराधी एक रिवाल्वर एवं मोटरसाइकिल समेत पकड़ा गया प्राप्त समाचार के अनुसार कर्माटांड़ की ओर से एक मोटरसाइकिल में सवार तीन अपराधी किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे तभी कर्माटांड़ के किसी व्यक्ति के द्वारा आगे की गांव पुरनाडीह के किसी व्यक्ति को फोन कर सूचित किया तभी गांव के ग्रामीणों ने एकजुट होकर साहस का परिचय देते हुए मोटरसाइकिल को रोका इसी बीच मोटरसाइकिल में तीन अपराधी सवार थे उनके पास लोडेड रिवाल्वर भी था उसे ग्रामीणों ने पकड़ लिया तीन स्वर में से दो अपराधी भागने में सफल रहे एक को ग्रामीण में पड़कर टुंडी पुलिस को सूचित किया तभी टुंडी थाना प्रभारी अनिल कुजूर स्वयं घटनास्थल पर आए और अपराधी को रिवॉल्वर एवं मोटरसाइकिल सहित पकड़ कर गिरफ्तार कर लिया मोटरसाइकिल संख्या JH10 CJ/0411 हैं जो टुंडी पुलिस अपने साथ ले गई है। फिलहाल एक अपराधी टुंडी पुलिस की गिरफ्त में है एवं इस अदम्य साहस को लेकर सभी लोग पुरनाडीह के युवाओं को इस नेक काम के लिए बहुत ही बधाई दिया है ।

## झामुमो कार्यालय में मनाया गया शहीद निर्मल महतो की 36वीं पुण्यतिथि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** मंगलवार को गिरिडीह झामुमो जिला कार्यालय में वीर शहीद झारखंड आंदोलनकारी स्व0 निर्मल महतो की 36वीं पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो जिलाध्यक्ष सह बिससूत्री क्रियान्वयन समिति, गिरिडीह के जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह एवं संचालन जिला सचिव महालाल सोरेन ने की।

श्री सिंह ने कहा कि सूदखोरों के खिलाफ आंदोलन चलाने वाले निर्मल महतो ने झारखंड अलग राज्य के लिए चलाये गये आंदोलन में अहम भूमिका निभाई थी। झारखण्ड के दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी इनके आक्रामक छवि से काफी प्रभावित थे। निर्मल महतो ने झारखंड के लिए आंदोलन चलाया था और सूदखोरों के खिलाफ आंदोलन किया था। मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित अजित कुमार पप्पू, ज्योतिंद्र प्रसाद, शहनवाज अंसारी, हलधर राय, प्रमिला मेहरा, आसमां खातून, दिलीप मंडल, भैरो वर्मा, चाँद रशीद, असददुल्ला, मो0 नूर, अभय सिंह, रॉकी सिंह, मो0 जाकिर योगेंद्र सिंह, अशोक राम, लखन राम, राकेश रंजन, दीपक यादव, बृजमोहन तुरी, मो0डब्लू, मो0 हारून, मो0 शमीम, आनंद मिश्रा, वकील चौड़े, दिलीप मुर्मू, बैजनाथ, रवि, मो0 नसीम सहित कई लोग उपस्थित थे।

## मायुमो जिला कमिटी ने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया

### 21 अगस्त को नगर निगम का घेराव को लेकर सक्रिय हुए

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** मार्क्सवादी युवा मोर्चा जिला कमेटी ने आज जगजीवन नगर, कुसुम बिहार, गोधर, लोयाबाद, गडरिया, बसेरिया, पुटकी आदि क्षेत्रों में बैठक आयोजित कर नगर निगम की ज्वलंत समस्याओं पर विचार-विमर्श किया। बसेरिया बस्ती में बनवारी रवानी की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। जिसमें 21अगस्त को नगर निगम घेराव को लेकर काफी सक्रिय रहे। हबैठक को मार्क्सवादी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पवन महतो ने कहा कि निगम क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों की दशा काफी दयनीय है। निगम में गांव है, लेकिन गांव का विकास कोसों दूर है। इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार की विकास कार्यो की झलक नहीं है। ग्रामीण युवाओं को रोजगार का कोई स्रोत नहीं है। पढ़े-लिखे युवा दैनिक मजदूरी करने के लिए विवश है। सघन दौरा में जिला सचिव राणा चटराज, उपाध्यक्ष संदीप कौशल, संतोष रवानी, अमरजीत रवानी, अर्जुन रवानी, राहुल दुबे, राहुल रंजन आदि शामिल थे।

## जनता की समस्याओं का प्राथमिकता से करें समाधान : उपायुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके द्वारा जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा।

जनता दरबार में धैया, सिंफर गेट के सामने से आए हंस विहार कॉलोनी के लोगों ने मित्तल पॉली फैक्ट्री को तुरंत दूसरे जगह स्थानांतरण करने के संबंध में उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि मित्तल पॉली फैक्ट्री द्वारा जहरीला गैस फैलाया जा रहा है, जिससे लोगों का घर में रहना मुश्किल हो गया है। फैक्ट्री में मशीन का शोर इतना अधिक है कि सभी लोग ध्वनि प्रदूषण के शिकार हो रहे हैं। साथ ही फैक्ट्री में उत्पादन के समान के ट्रांसपोर्ट के लिए बड़ी-बड़ी गाड़ियां मोहल्ले में आ रही है जिससे जाम की स्थिति भी बन जाती है। उपायुक्त ने इस मामले को अनुमंडल पदाधिकारी को हस्तांतरित करते हुए जांच कर निष्पादन हेतु अग्रसरित किया। इस दौरान जनता दरबार में झारखंड के आंदोलनकारियों ने सम्मान राशि नहीं मिलने के संबंध में उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया की पिछले 5 माह से झारखंड आंदोलनकारियों को मिलने वाली सम्मान पेंशन राशि नहीं मिली है। साथ ही कारा में 3 माह से कम रहने वालों को 3500 रुपए प्रतिमाह देने की बात कही गयी थी, लेकिन 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी बढ़ोतरी राशि का अभी तक हम लोगों को भुगतान नहीं किया गया है। उपायुक्त में इस मामले में अपर समाहर्ता से बात कर शीघ्र निष्पादन हेतु निर्देशित किया।

## पुर्व बीडीओ को मुखिया संघ ने दी विदाई



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के पुर्व बीडियो कयूम अंसारी के विदाई समारोह आयोजन किया गया इस आयोजन मे मुखिया संघ के अध्यक्ष सहित कई लोगों की उपस्थिति रही। संघ के अध्यक्ष ने बताया की वर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यशैली या कार्य कराने का अहम योगदान रहा। निवर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी बेंगाबाद मो0 कयूम अंसारी कि विदाई समारोह-सह-नये प्रखंड विकास पदाधिकारी बेंगाबाद निशा कुमारी सहित कई संघ के कई पंचायत के मुखिया वही रहे उपस्थित मुखिया प्रतिनिधि भी उपस्थित देखेंलोगों के उपस्थित रहे ।

## विश्व आदीवासी दिवस पर कुंजी ग्राम से निकलेगी आकर्षक झांकी

### तेलमोचो के आवास प्रांगण में होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विश्व आदीवासी दिवस को धुमधाम से मनाने के लिए कुँजी ग्राम के आदीवासी टोला में बैठक किया गया । इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने अपना अपना विचार व्यक्त किया , और अन्त मे सर्वसम्मति से विश्व आदीवासी दिवस को यादगार बनाने का निर्णय लिया गया । बैठक की अध्यक्षता करते हुए सोलह आना समिति के अध्यक्ष दुर्जन माँझी ने कहा की बुधवार को विश्व आदीवासी दिवस पर कुँजी ग्राम के आदीवासी समाज अपने पारमपारिक पोषाक मे गाजा बाजा के साथ झाँकी निकाला जाएगा जो भ्रमण करते हुए तेलमोचो मोड़ होकर मुखिया मीरा कुमारी के आवास पर पहुँचेगी और उन्ही के आवास प्रांगण मे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा द्व इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तैयारी समिति तन मन धन से समर्पित होकर कार्य कर रही है । बैठक का संचालन मदन कुमार सोरेन ने किया 7 मौके पर सुमन देवी, कलावती देवी, राखी देवी, सारथी देवी, ठाकुरमनी देवी, मंगली देवी, बजन्ती देवी, पार्वती देवी, मुकेश कुमार सोरेन, अजय मुण्डा, रोहीत मुण्डा, राहुल कुमार मुण्डा, प्रदीप सोरेन, श्रीजल माँझी, मंजु कुमारी, मंगली कुमारी, रामलाल माँझी, सजनी मुण्डा, सुरेश मुण्डा, जहाज देवी, सुनिता देवी, शिबु मुर्मु आदी मौजुद थे । ज्ञात हो की 9 अगस्त को ही अँग्रेज भारत छोड़ो का नारा पहली बार दिया गया था तब से इस दिन को देश मे अगस्त क्रान्ति दिवस के नाम से भी मनाया जाता है ।

## बिलासपुर मंडल के ट्रेनों के परिचालन में हुआ बदलाव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधा में उन्नयन एवं परिचालनिक सुगमता हेतु बिलासपुर मंडल के सक्ती स्टेशन के यार्ड रिमाडलिंग हेतु एनआई कार्य किया जाना है । इस कारण पूर्व मध्य रेल की 02 जोड़ी ट्रेनों का परिचालन निम्नानुसार रद्द किया गया है -

**रद्द ट्रेनें :-** 1.गाड़ी सं. 17005 हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस - हैदराबाद से 10 अगस्त, 2023 को रद्द रहेगी ।

2.गाड़ी सं. 17006 रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस - रक्सौल से 13 अगस्त, 2023 को रद्द रहेगी ।

3.गाड़ी सं. 22843 बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस - बिलासपुर से 11 अगस्त, 2023 को रद्द रहेगी ।

4.गाड़ी सं. 22844 पटना-बिलासपुर एक्सप्रेस - पटना से 13 अगस्त, 2023 को रद्द रहेगी ।

### करणी सेना के कांग्रेस नेता रणविजय सिंह का किया अभिनंदन

## क्षत्रिय समाज को एकजुट होकर समाज के लिए आगे आना होगा : रणविजय



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड प्रदेश करणी सेना का मिलन समारोह सह अभिनंदन समारोह धैया गोकुल बंग्लो में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता सह बिहार जनता खान मजदुर संघ के महामंत्री रणविजय सिंह उपस्थित थे।करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश अध्यक्ष विनय सिंह एवं बोकारो जिला के अधिकारियों ने रणविजय सिंह को बुके और शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया एवं करणी सेना द्वारा सिंह को झारखंड प्रदेश का संरक्षक मनोनीत किया।रणविजय सिंह ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया और समाज को कैसे मजबूत किया जाए उस पर पदाधिकारियों के साथ चर्चा की।मौके पर करणी सेना के प्रदेश के कई जिलों के पदाधिकारी एवं यूनियन के कथारा एरिया अध्यक्ष पिन्टू सिंह उपस्थित थे।

## शहीद निर्मल महतो की पुण्यतिथि मनाई गई



**तोपचांची(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को तोपचांची में झारखंड आदिवासी कुडमि मंच की ओर से झारखंड आंदोलन के मसीहा शहीद निर्मल महतो की पुण्यतिथि सह शहादत दिवस मनाई गई। झारखंड आदिवासी कुडमि मंच के तोपचांची कार्यालय में शहीद निर्मल महतो की तस्वीर पर क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए प्रबुद्ध जनों, सामाजिक व राजनीतिक संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता गणों द्वारा माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही शहीद निर्मल महतो अमर रहे के नारे लगाए गए। शहीद निर्मल महतो के सपनों के अनुरूप शोषण मुक्त झारखंड के नवनिर्माण के लिए संघर्ष जारी रखने की संकल्प लिया गया। मौके पर आजसू पार्टी व झारखंड आदिवासी कुडमि मंच के नेता सदानंद महतो, झारखंड आंदोलनकारी रोहन महतो, समाजसेवी गिरधारी पुरनियार, जितेंद्र कुमार महतो, लक्ष्मण प्रसाद महतो, सुनील, अमर भारती, देवाशीष भारती समेत दर्जनों लोगों द्वारा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

## आजादी का अमृत महोत्सव : धूमधाम व उत्साह से मनाया जाएगा "मेरी माटी मेरा देश" कार्यक्रम : उपायुक्त

### 12 अगस्त को सभी 256 पंचायतों में आयोजित किए जाएंगे कार्यक्रम

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** भारत के वीर स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों, जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया, को सम्मान करने के उद्देश्य से 12 अगस्त को जिले के सभी 256 पंचायतों में राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम 'मेरी माटी मेरा देश' धूमधाम व उत्साह से मनाया जाएगा। उपरोक्त बातें उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने न्यू टाउन हॉल में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में कही।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सभी मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी व प्रखंड विकास पदाधिकारियों को इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम में उनके दायित्व के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। साथ ही निर्धारित समय-सीमा में तथा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायतों में वीर सेनानियों की याद में एक स्मारक का निर्माण होगा, जिसे 'शिलाफलकम्' नाम दिया गया है। इस पर उस क्षेत्र के वीर सेनानियों के नाम दर्ज किए जाएंगे। 11 अगस्त तक सभी पंचायतों में 'शिलाफलकम्' का प्रोटोकॉल के अनुसार निर्माण कर लिया जाएगा। इसके बाद 12 अगस्त को सभी 256 पंचायतों में पंच प्राण शपथ, वसुधा वंदन (वाटिका में पौधारोपण) वीरों का वंदन और अंत में झंडोत्तोलन कर राष्ट्रगान गाया जाएगा। अमृत कलश यात्रा के लिए गांव के महत्वपूर्ण स्थल से मिट्टी एकत्रित कर कलश में रखी जाएगी।

## इंटर डिपार्टमेंट फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को रेलवे स्टेडियम में चल रहे इंटर डिपार्टमेंट फुटबॉल प्रतियोगिता के पहले मैच में ऑपरेटिंग की टीम ट्राई ब्रेकर में 3-2 गोल से आरपीएफ को पराजित किया। दूसरा मैच में कमर्शियल की टीम 2-0 से एस एंड टी को पराजित किया। दोनों गोल अभिषेक मैत्रा ने की। तीसरे मैच में सी एंड डब्लू की टीम 1-0 से इंजीनियरिंग टीम को पराजित कर दिया। विनय कुमार ने एकमात्र गोल किया। मैदान में उपस्थित मुख्य अतिथि सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार, सीनियर डीपीओ अजीत कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किए। निर्णायक की भूमिका बजरंग चौहान, सुरेश किस्कु, राम अयोध्या, दिनेश सोरेन, राजवीर टुडू ने निभाया।

## रोजगार देने की मांग को लेकर विस्थापित मोर्चा का प्रदर्शन



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला के बीसीसीएल एरिया चार के सलानपुर कोलियरी में संचालित आरके माइनिंग में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने की मांग को लेकर झारखंड विस्थापित मोर्चा के बैनर तले जूलूस निकालकर कर कोलियरी कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया.कार्यक्रम का नेतृत्व मजदूर सह झामुमो नेता राजेन्द्र प्रसाद राजा कर रहे थे। जूलूस रामकनाली कोलियरी से निकल कर गुहीबांध होते हुए सलानपुर कोलियरी कार्यालय पहुंचे जहां लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर कंपनी अधिकारियों को मांग पत्र सौंपा.अपने संबोधन के दौरान राजेंद्र प्रसाद राजा ने कहा कि कंपनी गुंडा माफियाओं के बल पर कंपनी चलाने का प्रयास करेगी तो ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा।

# प्रभावित गांव के युवाओं को हाथी भगाने का प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध कराएं प्रशासन : एनोस एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पूर्व मंत्री सह झापा के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने जिले की विभिन्न समस्याओं को लेकर डीसी अजय कुमार सिंह से मुलाकात की। पूर्व मंत्री ने डीसी को जिले में व्याप्त बिजली, पेयजल, सड़क, संचार, सर्पदंश, हाथियों के हमले, स्वास्थ्य आदि के संबंध में जानकारी देते हुए उचित कार्रवाई करने की मांग की। पूर्व मंत्री ने डीसी को बताया कि हाथियों के आतंक के कारण हर वर्ष कई ग्रामीणों की जान जाती है। साथ-साथ कई एकड़ में लगी फसल भी बर्बाद होते हैं। कई घर क्षतिग्रस्त होते हैं तो घर में रखे अनाज हाथियों के द्वारा खा लिया जाता है। जिससे गरीब ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पूर्व मंत्री ने डीसी से हाथियों को भगाने के लिए बांकुड़ा से हाथी भगाओ दल बुलाकर स्थानीय लोगों को प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार देने की मांग की। उन्होंने कहा कि हाथी जिस पथ में चलते हैं उसके किनारे रहने वाले गांव के लोगों को हाथी भगाने के लिए आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध कराना चाहिए। डीसी ने भी पूर्व मंत्री की मांग पर आवश्यक कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। **डीसी को सौंपी खराब ट्रांसफार्मर की सूची :** पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने डीसी अजय कुमार सिंह को जिले के कई गांव में खराब पड़े ट्रांसफार्मर की सूची भी उपलब्ध कराई। पूर्व मंत्री ने बताया कि ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण ग्रामीणों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। रात अंधेरे में गुजारनी पड़ती है वही बच्चों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है। पूर्व मंत्री ने बताया कि बारिश के कारण अंधेरे में सांप एवं अन्य जहरीले बिच्छू के काटने का डर बना रहता है पूर्व मंत्री ने पूरे मामले को गंभीर बताते हुए जिले के सभी खराब पड़े ट्रांसफार्मर को अविलंब बदलने की मांग की। साथ ही साथ जिला मुख्यालय स्थित टी आर डब्ल्यू में भी सभी आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की ताकि सभी खराब ट्रांसफार्मर का समय पर मरम्मत हो सके।

## विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में 34 वां क्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में 34वां क्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुमला विभाग के विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार, लोहरदगा संकुल प्रमुख विपिन कुमार दास और महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। वंदना सभा में 34 वां क्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के विजेता भैया की टीम और संरक्षक आचार्य को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गुमला विभाग के विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार ने भैया बहनों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम ही सफलता का मार्ग है और उन्होंने 34 वां क्षेत्रीय वॉलीबॉल टीम के विजेताओं को अखिल भारतीय स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। विजेता टीम में सुजल बाखला, चरणजीत उरांव, पुनीत उरांव, रेहान फजल, रोशन कुमार रवि, हरीश उरांव, निशित उरांव, जितेश उरांव, प्रियांशु उरांव, निखिल भगत, अजीत भगत और संरक्षक आचार्य रितेश कुमार पाठक उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रीति कुमारी गुप्ता, नीतू कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, कविता कुमारी, चेतना प्रिया, आरती भगत, स्नेहा शर्मा सहित शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## शहीद निर्मल महतो की सोच को जन-जन तक पहुंचाना ही आजसू पार्टी का लक्ष्य : नीरू शांति भगत



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसु पार्टी के द्वारा पार्टी कार्यालय में शहीद निर्मल महतो जी का पुण्यतिथि मनाई गई। शहीद निर्मल महतो जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। नीरू शांति भगत ने कहा कि झारखंड के वीर सपूत आंदोलनकारी शहीद निर्मल महतो की जो सोच थी उस सोच को जन जन तक पहुंचाना आजसू पार्टी का लक्ष्य है। झारखंड का विकास का सपना जो निर्मल महतो ने देखा था वह अभी भी अधूरा है उनके सपनों को साकार करना हर झारखंडी का कर्तव्य बनता है। आज की श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रुप से लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत, केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल, अरविंद यादव, अनीता साहू, विलियम कुजुर, शाहिद अंसारी, अशोक साहू, मोहम्मद अजमल अंसारी, मोहम्मद शमीम अंसारी, रहमान अंसारी, बालमुकुंद मुंडा, आनंद राम सहित सैकड़ों आजसु के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मकुंदा गांव में जले दो ट्रांसफार्मर को शीघ्र बदला जाएगा : आलोक साहू



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भंडरा प्रखंड के ग्राम मकुंदा के ग्रामीणों के आग्रह पर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिला अध्यक्ष आलोक कुमार साहू मकुंदा गांव पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने श्री साहू को बताया कि मकुंदा गांव में लगभग एक माह पूर्व 25 केवी का दो ट्रांसफार्मर जल गया था और अभी एक सप्ताह पूर्व 63 केवी का भी ट्रांसफार्मर जल गया जिसके कारण यहां की जनता अंधेरे में रहने को मजबूर है। बिजली नहीं रहने के कारण जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने श्री साहू से जले ट्रांसफार्मर को शीघ्र बदलने की मांग किये। श्री साहू ग्रामीणों के साथ जले हुए ट्रांसफार्मर का भी मुआयना किये। मौके पर कांग्रेसी नेता आलोक कुमार साहू ने कहा कि बिजली की समस्याओं का निदान जिले में त्वरित गति से किया जा रहा है। मुकुंदा गांव शत-प्रतिशत आदिवासी गांव है यहां जल्द ही जनहित में नया ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। श्री साहू मौके पर से ही लोहरदगा विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता से वार्ता कर ग्रामीणों की समस्याओं से उन्हें अवगत कराते हुए यहां शीघ्र नया ट्रांसफार्मर लगाने की बात कहें। कार्यपालक अभियंता ने श्री साहू को आश्वासन दिया कि यहां शीघ्र दो 25 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा उसके बाद 63 केवी का भी जले ट्रांसफार्मर को बदला जाएगा। मौके पर गुलशन उरांव, गंगाधर उरांव, कुलदीप उरांव, सोमरा उरांव, बंधु उरांव, विकास उरांव, विनोद उरांव, सोमरा भगत, जगन्नाथ उरांव, करमचंद उरांव इत्यादि ग्रामीण उपस्थित थे।

## इंद्रजीत कुमार ने विश्व आदिवासी दिवस के पूर्व संध्या पर दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा में विश्व आदिवासी दिवस की पूर्व संध्या पर विविध कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया जिसके पश्चात झारखंडी गमझा पहना कर सचिव इंद्रजीत कुमार और उपस्थित गणमान्यो को पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में रिचा और साथियों द्वारा लोटा में पानी गीत द्वारा स्वागत गीत,कलंगरी रे गीत पर झूमर अनुपा और साथियों ने प्रस्तुत किया। नेहा और साथियों द्वारा लाले लाल गीत पर नृत्य,पूजा और साथियों द्वारा जी ले ले रे नामक गीत द्वारा स्किट कर दर्शाया गया कि कैसे आदिवासियों की संस्कृति ने सबको लुभाया है। इंद्रजीत कुमार द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि आदिवासियों की संस्कृति के तत्त्व में विश्व शांति, पर्यावरण, मानसिक तनाव से निपटने के गुण पाए जाते हैं जिससे सीखने की आवश्यकता है और राजनैतिक पटल से ऊपर उठकर आदिवासी भाषा, संस्कृति को संरक्षित करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर लक्ष्मण, बीरेंद्र, प्रियंका, अर्चना, मनु, बिनोद, शिव, कुंदन, ममता, पंकज, जंगबहादुर, अजॉय, पवन, ऋ तु, चिनिबास आदि उपस्थित थे और अपने विचार रखे। प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस मात्र किसी समुदाय विशेष का पर्व न होकर निश्छल होकर प्रकृति के प्रति समर्पण, उसको बचाने, अपनी माटी, मातृ भूमि से प्रेम को पुनर्जीवित करने का पर्व है यह दिवस हमे इस जिम्मेदारी को समझने का निर्वहन करने की प्रतिज्ञा का है। मंच संचालन अनिधा और श्रेया राय द्वारा किया गया।

# एमबी डीएवी विद्यालय में फ्रेंडशिप डे पर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शिक्षक अश्विन पात्रों द्वारा फ्रेंडशिप डे के अवसर पर फ्रेंडशिप कार्ड बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जीवन में माता पिता और गुरू के बाद मित्र को विशेष स्थान दिया गया है। मित्र हमारे सुख-दुख के साथी होते हैं। किसी भी परिस्थिति में मित्र हमेशा साथ खड़े होते है। भारतीय परंपरा में मित्रता की बहुत सारी कहानियां प्रचलित है। इन्हीं में से एक कृष्ण और सुदामा की कहानी है। जिसमें हमें मित्र के प्रति ईमानदारी,त्याग और सम्मान का भाव दिखाई देता है। विद्यार्थियों में मित्रता के पवित्र रिश्ते को समझने तथा उसका सम्मान करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कक्षा एलकेजी से द्वितीय तक के बच्चों



के मध्य फ्रेंडशिप डे पर कार्ड बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा एलकेजी में अभिजीत पाठक, आकर्ष पंकज, अंजना कश्यप व अहान उरांव ने कक्षा यूकेजी में सार्थक चौधरी,काशवी कुमारी,सैयद अलमाज़, प्रणवी प्रिया,अलिका अंबर, काव्या तरूशी, सूर्य राज यादव व खुशी कुमारी कक्षा प्रथम अनुश्री लकड़ा, अनोखी उरांव, मानस पंकज, आरोही वर्मा, आकांक्षा कच्छप, शिवाय सिहं, आयुष कुमार साहू, देवांश मेहता, मिष्ठी गुप्ता व प्रयांशी वर्मा ने तथा कक्षा द्वितीय में मिहिका पन्ना, जैन सलीम, अभिराज स्पर्श, नव्या तारुषी, आयुष शर्मा, अतुल अनिस, हर्षित राज, मान्या राज, आरोही कुमारी, माही उराँव, हेमांगी नाग, शिवम वर्मा, विशेष प्रकाश, प्रिंस कुमार, अंशुमान गोयल, संस्कार साहू, कोमल कुमारी, अनन्या कुमारी,पल्लवी कुमारी,काव्या मेहता व अर्चिता कुमारी मैं प्रथम स्थान अर्जित किया इस प्रतियोगिता में शिक्षक अश्विन पात्रों संगीता मित्तल रजनी प्रसाद सोमिता दास श्वेता कुमारी व देवकी कुमारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

## खेलो झारखण्ड के लिये खिलाड़ियों का चयन किया गया



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खेलो झारखण्ड के तहत खिलाड़ियों के बीच विद्यालय स्तरीय खेल चयन प्रतियोगिता आयोजित किया गया। प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु में खेलो झारखण्ड के तहत विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्रओं के बीच खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये बालक बालिकाओं के 17 वर्ष आयु वर्ग व 19 वर्ष आयु वर्ग का दो ग्रुप बनाकर फुटबॉल, वॉलीबॉल, चेस, शतरंज के अलावे 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर,1600 मीटर, 3000 मीटर तथा भाला फेंक, गोला फेंक सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिता में जिला स्तर पर भाग लेने के लिये चयन प्रतियोगिता आयोजित किया गया। वही प्रधानाध्यापिका सीमा नैन्सी लकड़ा ने बताया कि विद्यालय स्तर पर चयनित छात्र छात्राएँ खेलो झारखण्ड के तहत अपनी रुचि अनुसार विभिन्न खेल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिला स्तर पर विजेता खिलाडीयों को प्रमंडल व राज्य स्तर पर अपना खेल प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा। खेल शिक्षक अनिल उराँव ने कहा कि बच्चे बच्चियों में खेल के प्रति रुचि जगाने के लिये सरकार का यह अनूठा फल है। मौके पर प्रीति कुमारी साहु, दीपा चौधरी, नशिमा बानो, बेंजामिन मिंज, प्रतिमा रेशमा कुजूर, सुरेश उराँव, ममता कुमारी, कंचन कुमारी सहित सभी शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

## अरविंद कुमार लाल ने स्वतंत्रता दिवस के पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रमों को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल की अध्यक्षता में आज मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस-2023 की पूर्व संख्या पर आयोजित होनेवाले सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी हेतु बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन किया जाएगा जिसके उपरांत गणेश वंदना की प्रस्तुति का कार्यक्रम होगा। इसके बाद पाईका नृत्य की प्रस्तुति होगी। इसके उपरांत लोहरदगा जिला के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति पर आधारित प्रस्तुति दी जाएगी। अंत में छउ नृत्य की प्रस्तुति होगी। निर्णायक मण्डली द्वारा चयनित प्रथम तीन स्थानों पर रहनेवाली टीम को पुरस्कृत किया जाएगा। आज की बैठक में अवर निबंधक सुभाष दत्ता, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, जिला शिक्षा अधीक्षक अपरूपा पॉल चौधरी, समेत संबंधित विद्यालयों के प्राधानाध्यापक/प्रतिनिधि व कार्यक्रम के आयोजन से जुड़े लोग उपस्थित थे।

## अंचलाधिकारी ने स्वतंत्रता दिवस को लेकर प्रखंड कर्मियों के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में अंचलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर स्वतंत्रता दिवस पर झंडोतोलन करने का समय निर्धारित किया गया। अंचलाधिकारी विजय कुमार द्वारा प्रखंड सह अंचल कर्मियों के साथ बैठक कर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को प्रखंड क्षेत्र के सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थानों में झंडोतोलन करने समय निर्धारित किया गया। निर्धारित समयानुसार बुनियादी उच्च विद्यालय सेन्हा में 8:30 बजे,कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा में 8:40 बजे, स्वास्थ्य केंद्र में 8:50 बजे, प्रखंड संसाधन केंद्र में 9:00 बजे, प्रखंड कार्यालय में 9:10 बजे, थाना परिसर में 9:30 बजे तथा कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय सेन्हा में 10:00 बजे झंडोतोलन किया जायेगा। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, बीस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, चिकित्सा प्रभारी डॉ दिव्या निशि, आपूर्ति पदाधिकारी अमूल तिर्की, पंचायती राज पदाधिकारी सत्यकाम श्रीवास्तव, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामकरण द्विवेदी, पशुपालन पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार सहित अन्य सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

## सिमडेगा के मार्शल आर्ट खिलाड़ी बंगाल पहुंच 6 वां बंगाल कप ऑपन मार्सलआर्ट चैम्पियनशिप में लिए भाग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा जिला से ताइक्वांडो खिलाड़ी पश्चिम बंगाल में आयोजित 6वां बंगाल कप ऑपन मार्सलआर्ट चैम्पियनशिप में भाग लिये। जिसमें उर्सुलाइन कॉनवेंट बालिका उच्च विद्यालय सामटोली (सिमडेगा) की छात्रा नितु केरकेट्टा, 33 किलोग्राम वेट कैटेगरी सबजूनियर वर्ग में द्वितीय स्थान सिलवर मेडल प्राप्त की और अनीशा कुमारी अंडर 38 किलोग्राम वेटकैटेगरी तृतीय स्थान ब्रांउन्ज मेडल एस. एस. प्लस टू हाई स्कूल सिमडेगा की छात्र अनुप मेहर 54 किलोग्राम वेटकैटेगरी सिनियर वर्ग में तृतीय स्थान ब्रांउन्ज मेडल, संत मेरिज प्लस टू हाई स्कूल सामटोली की छात्र सूरज बड़ाई अंडर 40 किलोग्राम जुनियर वर्ग मे तृतीय स्थान ब्रांउन्ज मेडल, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय जामबहार ठेठाईटांगर की छात्रा पूजा कुमारी अंडर 38 किलोग्राम सबजूनियर बालिका वर्ग में द्वितीय स्थान सिलवर मेडल और सविता कुमारी 46 किलोग्राम वेटकैटेगरी द्वितीय स्थान सिलवर मेडल संत जेवियर उच्च विद्यालय बरवाडीह कोलेबीरा का छात्र अतुल किड़ो तृतीय स्थान 49 किलोग्राम वेटकैटेगरी कैडेट वर्ग में ब्रांउन्ज मेडल प्राप्त कर सिमडेगा जिला का नाम रोशन किया। पूरे टीम के मेडल प्राप्त करने पर ऑर्गनाइज संघ ने सिमडेगा जिला को 5वां रनर के रूप में ट्रॉफी देकर सम्मनित किया।

## डॉ. रामेश्वर उरांव आज विश्व आदिवासी दिवस के अलावे विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार आज दिनांक 9 अगस्त 2023 दिन बुधवार को लोहरदगा जिले के निम्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। न्यू नगर भवन लोहरदगा में जिला प्रशासन एवं आदिवासी कर्मचारी समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। पुराना नगर भवन लोहरदगा में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। पतराटोली लोहरदगा में प्रार्थना सभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। झखरा कुंबा लोहरदगा में आदिवासी समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। अतः इस कार्यक्रम में लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के सभी सम्मानित पदाधिकारीगण,युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, ओबीसी कांग्रेस, सेवादल, अल्पसंख्यक कांग्रेस, एनएसयूआई एवं प्रखंड कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारीगण, प्रखंड प्रमुख प्रखंड के सभी पंचायत समिति सदस्यगण, प्रखंड के सभी मुखियागण सभी पंचायत अध्यक्षगण एवं बूथ स्तर के सभी कांग्रेसी कार्यकर्तागण उक्त तिथि को निर्धारित समय पर अवश्य पधारें। यह जानकारी मंत्री सह विधायक प्रतिनिधि निशिथ जयसवाल ने दी।

### हेमंत सरकार की मंशा, पात्रता शिक्षार्थी रहे बेरोजगार : अजय कुमार सिंह

## राज्य सरकार गिरा रही है युवाओं का मनोबल : लक्ष्मण बड़ाईक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** गौरतलब है कि झारखंड प्रदेश की हेमंत सोरेन सरकार, जनता के सम्मुख जिन वादों को लेकर झारखंड प्रदेश में शासन करने की बात कही थी, उन सभी वादों को चकनाचूर करते हुए राज्य के चौमुखी विकास को गर्त में धकेलने का कार्य किया है। आज भारतीय जनता युवा मोर्चा, सिमडेगा के नेतृत्व में राज्य की महाठगबंधन सरकार के नियोजन नीति एवं रोजगार के गैर संवैधानिक नीतियों एवं प्रक्रियाओं के खिलाफ मशाल जुलूस का आयोजन किया। यह मशाल जुलूस नगर भवन सिमडेगा से होते हुए महावीर चौक तक आया। मशाल जुलूस के दौरान भाजपा, भाजयुमो, महिला, ओबीसी, एसटी, एससी, किसान एवं अल्पसंख्यक मोर्चों के समस्त कार्यकर्ताओं ने हेमंत सरकार होश में आओ, हेमंत तेरी मनमानी नहीं चलेगी, राज्य के सीटेट पास शिक्षार्थियों को शिक्षक नियुक्ति में अवसर देना होगा के नारे लगाए। इस दौरान भाजयुमो अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहा कि जिस तरह हेमंत सरकार युवाओं को ठगने का प्रयास, उनकी भावनाओं को कुचलने, नियोजन नीति एवं रोजगार के नाम पर युवाओं को गुमराह करने का प्रयास कर रही है, उसे भारतीय जनता पार्टी कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। भाजपा हेमंत सरकार की शिक्षार्थियों के प्रति धोखे की नीतियों का पुरजोर विरोध करती है। मौके पर उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं का मनोबल गिराने का कार्य कर रही है, जो राज्य के लिए चिंता का विषय है। भाजयुमो जिला सोशल मीडिया प्रभारी अंकित कुमार ने राज्य सरकार की जन विरोधी नीतियों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस सरकार के पास न नियोजन है न नीति है और न ही आचरण है। यह सरकार नौकरी का दिखावा करके युवाओं में वैमनस्य पैदा करना चाहती है। रघुवर दास जी के नेतृत्व में झारखंड में जेटेट का परीक्षा आयोजित हुआ था। उसके बाद हेमंत सोरेन की सरकार के आने से राज्य तुष्टीकरण और ध्रुवीकरण की राजनीति का भेंट चढ़ गया। जिसका परिणाम यह हुआ कि हेमंत सरकार अपने कार्य काल में शिक्षार्थियों के लिए कभी जेटेट की परीक्षा आयोजित नहीं करा पाए। लेकिन राज्य के होनहार शिक्षार्थियों, केंद्र द्वारा आयोजित सीटेट की परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी पात्रता सिद्ध की है।

## सांसद प्रतिनिधि ने किया जलडेगा के पंचायतों का भ्रमण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** केंद्रीय मंत्री माननीय अर्जुन मुंडा के प्रखंड सांसद प्रतिनिधि सुजान मुंडा ने जलडेगा प्रखंड के ओडगा पंचायत का क्षेत्र भ्रमण किया । जिसमे ओरगा रेलवे स्टेशन परिसर में आम जनता के आने जाने वाला सड़क ओडगा बाजार टांड से ओडगा रेलवे स्टेशन होते हुवे ढेलसेरा जनुमतोली की ओर रेलवे फाटक केबिन से आगे तक 2 किमी सड़क का रेलवे लाइन निर्माण कार्य में लागे संवेदक के द्वारा उक्त सड़क पर भारी वाहन का परिचालन कर ग्रामीणों ,स्कूल कॉलेज,में पड़ने लिखने वाले छात्र छात्राओं को,स्टेशन तक आने वाले यात्रियों,व्यापारियों,किसानों के आने जाने वाले सड़क को काफी खराब कर दिया है सड़क में कादो कीचड़ भर गया है, सड़क में बड़ा बड़ा गढ्ढा हो गया है, सड़क में पानी भर गया है जिसके कारण विद्यालय जाने वाले छोटे छोटे बच्चों को आने जाने में बहुत परेशानियां हो रही है, विद्यालय में पड़ने वाले बच्चियां उक्त सड़क पर गिरते पटकते है कभी कभी कपड़ा गंदा हो



जाता है तो रास्ते से घर वापस लौट जाते है, लेकिन रेलवे विभाग के पदाधिकारियों को जनता की परेशानियों से कोई लेना देना नही है आंख में चश्मा पहन कर अनजान बन रहे है। सांसद प्रतिनिधि ने उक्त खराब सड़क का भ्रमण कर जायजा लिया और छेत्र के ग्रामीणों से मिलकर समस्याओं से रू बारु हुवे। ग्रामीणों ने सांसद प्रतिनिधि सुजान मुंडा को तत्काल सड़क का पीसीसी निर्माण हेतु ज्ञापन सोपा, सांसद प्रतिनिधि सुजान मुंडा ने जनता की समस्याओं परेशानियों को देखते हुवे ओडगा रेलवे स्टेशन मास्टर सचिन कुमार से मिले और डीआरएम रांची के नाम उक्त सड़क का दो दिन के अंदर पीसीसी निर्माण या तत्काल में स्टोन डस्ट डालकर मरम्मती हेतु लिखित आवेदन सौंपा, और कहा की दो दिन के अंदर जनता का सड़क को बनाया जाय अन्यथा छेत्र की समस्त जनता मजबूर होकर एक आवाज में संगठित होकर सड़क पर उतर कर आंदोलन करेगी और रेल रोको चाका जाम करेगी तथा रेलवे के समस्त पदाधिकारियों को उक्त खराब सड़क पर जूता चप्पल खोलवाकर नंगे पैर पदयात्रा करवाएगी और रेल चक्का जाम कार्यक्रम में जो भी छती होगी उसकी जिम्मेवारी रेलवे प्रबंधन के समस्त कर्मचारी और पदाधिकारी और जिला के वरीय प्रशासनिक पदाधिकारी स्वयं जिम्मेवार होंगे, जनता की कोई जिमेवारी नही होगी, ज्ञात हो की इस सड़क का निर्माण हेतु पूर्व में डीआरएम रांची के नाम ज्ञापन दे चुके है परंतु एक वर्ष गुजर जाने के बावजूद सड़क का निर्माण हेतु रेलवे मंत्रालय की ओर से कोई पहल नहीं हुई है।

## स्वतंत्रता दिवस ध्वजारोहण को लेकर कैरो प्रखण्ड के विभिन्न संस्थानो में समय सारिणी तय

**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अन्तर्गत 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर प्रखंड के सरकारी व गैर-सरकारी संस्थानो मे ध्वजारोहण को लेकर समय सारिणी तय कर दी गयी है। इस संबंध मे पत्र के माध्यम से कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने बताया कि कैरो प्रखंड मुख्यालय के प्रखंड सह अंचल कार्यालय मे 09:00 बजे पूर्वाह्न,थाना परिसर मे 09:15 बजे पूर्वाह्न, ड I0 अनुग्रह नारायण +2 उच्च विद्यालय कैरो में 09:30 बजे पूर्वाह्न स्वतंत्रता दिवस की ध्वजारोहण की जायेगी। वही कैरो उप स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत भवन कैरो,राजकीय मध्य विद्यालय कैरो,मध्य विद्यालय सढावे,मे पूर्वाह्न 08:30 बजे ध्वजारोहण की जायेगी। प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर मे 9:50 बजे, एवं विद्युत उपशक्ति केंद्र में निर्धारित समय के आलावे प्रखंड के विभिन्न सरकारी संस्थानो व गैर सरकारी संस्थान, समाजिक व राजनीतिक संगठनों के संस्थानो मे स्वतंत्रता दिवस की ध्वजारोहण को लेकर समय सारिणी निर्धारित कर दी गई है ।

## चलते चलते एक नजर

### विजयी हुए कांग्रेस नेता इमरान प्रतापगढ़ी



**नई दिल्ली** : अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय कोर्ट के लिये राज्यसभा से चयनित होने वाले सदस्यों के चुनाव में सर्वाधिक 53 वोट पाकर विजई हुए कांग्रेस नेता इमरान प्रतापगढ़ी।

### लोहरदगा में लंपी वायरस की हुई पुष्टि

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड में लंपी वायरस ने दस्तक दे दी है। लोहरदगा जिले में कई जगहों पर इस वायरस की मौजूदगी के निशान मिले हैं। इसको लेकर एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। इस दौरान मवेशियों से सैंपल एकत्र किये गए हैं, जिनकी जांच भोपाल में करायी जाएगी। जांच के बाद ही कुछ भी स्पष्ट रूप से कहा जा सकेगा।लंपी बीमारी मच्छर या खून चूसने वाले कीड़ों से मवेशियों में फैलती है। ये स्किन डिजीज वायरस से होने वाला संक्रामक गांठदार त्वचा रोग है। ये मवेशियों में ज्यादातर गाय, भैंस को होती है। संक्रमित होने के दो-तीन दिनों के अंदर मवेशी को हल्का बुखार आता है। फिर शरीर पर गांठदार दाने निकल आते हैं, जिसके बाद कुछ गांठ घाव में बदल जाते हैं। मवेशी की नाक बहती है। पैरों में सूजन व मुंह से लार आता है तथा दूध कम हो जाता है। गर्भावस्था में इससे मवेशी को मिस कैरेज हो सकता है। इसके अलावा उनकी त्वचा को स्थायी नुकसान भी हो सकता है। इससे प्रभावित मवेशियों में मृत्यु दर लगभग पांच प्रतिशत है। इसमें एलएसडी (गोट पॉक्स) वैक्सीन का इस्तेमाल किया जाता है। इस वेक्सीन का टीकाकरण किया जाता है। फिलहाल तो पर्याप्त मात्रा में ये उपलब्ध है। उम्मीद है इससे नियंत्रित कर लिया जाएगा। चूंकि लंपी स्किन डिजीज अधिक तापमान और नमी में तेजी से और अधिक आसानी से फैलता है। इसलिए बारिश के सीजन को देखते हुए इसके फैलाव की आशंका जताई गई है।



# पलामू-गढ़वा के पेयजल समस्या को लेकर गंभीर हैं सांसद वीडी राम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** सांसद वीडी राम ने कहा कि पलामू एवं गढ़वा जिला की जनता की पेयजल की समस्या गंभीर है।

प्रचंड गर्मी में पानी के अधिकांश क्षेत्र सूख जाते हैं, यहां तक की कोयल और अमानत नदी तक सूख जाती है। लोगों के घरों में गढ़े चापाकल और बोरिंग का जलस्तर नीचे चले जाने से वे बेकार हो जाते हैं।

लोगों को खरीद कर पानी पीना पड़ता है वह भी आसानी से और समय पर उपलब्ध नही हो पाता है।

इस समस्या से पलामू वासियों को निजात दिलाने के लिए मैं वर्षो से प्रयासरत हूँ।

परंतु अपेक्षित सफलता अभी तक



नही मिल पायी है। हलांकि पूरे मनोयोग के साथ इस दिशा में प्रयासरत हूँ।

जिन योजनाओं को मूर्त रूप देने का प्रयास जारी है, उनकी प्रगति से अवगत कराना चाहता हूं।

## मेदिनीनगर, विश्रामपुर, हरिहरगंज, छतरपुर व श्री वंशीधर नगर जलापूर्ति योजना जल्द उतरेगा धरातल पर

मेदिनीनगर पेयजल आपूर्ति योजनाः इस योजना की कुल लागत 192.45 करोड़ रूपये की है। इस योजना का जल स्त्रोत कोयल नदी है। उम्मीद है कि निविदा का निष्पादन एक महीने के भीतर हो जाएगा और अगले एक महीने में कार्यादेश निर्गत हो जाएगा और कार्य प्रारम्भ हो जाएगा। उक्त योजना के निर्माण से 24711 घरों को वाटर कनेक्शन दिया जाएगा।विश्रामपुर पेयजल आपूर्ति योजनाः-इसकी निविदा निकल चुकी है। इस योजना पर कुल लागत 123.39 करोड़ होगी एवं इसका जल श्रोत कोयल नदी होगी। उक्त योजना से 10271 घरों को वाटर कनेक्शन दिया जाएगा। हरिहरगंज जलापूर्ति योजनाः-इसका डीपीआर बन रहा है। इस पर 92.57 करोड़ की लागत आएगी। इसका जलश्रोत बटाने डैम होगा। उक्त योजना से 5006 घरों को वाटर कनेक्शन दिया जाएगा। छतरपुर जलापूर्ति योजनाः-इसका डीपीआर बन रहा है। इस पर 126.49 करोड़ रूपये की लागत आएगी। इसका जलश्रोत सोन नदी है। उक्त योजना से 7825 घरों को वाटर कनेक्शन दिया जाएगा। श्री वंशीधर नगर जलापूर्ति योजनाः- इस पर 92.57 करोड़ की लागत आएगी। इसका डीपीआर बन रहा है। इसका जलश्रोत सोन नदी है। उक्त योजना से 8549 घरों को वाटर कनेक्शन दिया जाएगा।

### जलापूर्ति योजनाओं को मूर्त रूप देने के लिए पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री से किया आग्रह

सांसद वीडी राम ने कहा कि पलामू-गढ़वा के जलापूर्ति योजनाओं को धरातल पर उतार दिया जाता है तब बहुत हद तक पलामू एवं गढ़वा जिला के निवासियों की समस्या दूर हो जाएगी। सौभाग्यवश गढ़वा जिला के विधायक मिथलेश ठाकुर ही पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री, झारखंड सरकार हैं। वैसी परिस्थिति में उनसे आग्रह है कि पलामू एवं गढ़वा जिला की जनता की पेयजल की समस्या दूर करायें। सरकार के पास ये योजनाएँ वर्षो से लम्बित है। इसका क्रियान्यवन मंत्री के आदेश से हो सकता है। इस संबंध में पत्र लिखा गया है।

## विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** दो दिवसीय विश्व आदिवासी दिवस की शुरुआत 9 अगस्त से हो रही है, जो 10 अगस्त देर रात तक चलेगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन, जिला पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैयारी में जुड़ गई है । पत्रकारों को संबोधित करते हुए उपायुक्त राहुल सिन्हा ने कहा कि कार्यक्रम को चार भागों में बांटा गया है । एक तरफ 9 तारीख को जब मुख्यमंत्री कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे तो इस मुख्य मंच पर विभिन्न राज्यों से आए हुए जनजाति समुदायों द्वारा जो लोकगीत है उसकी प्रस्तुति होगी । वही रैली भी निकल जाएगी जो पारंपरिक वाद यंत्र के साथ लोग मांदर ढोल लेकर पर यात्रा करते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेंगे। करीब 32 जनजातियों के द्वारा स्टॉल लगाया गया है । उसमें झारखंड के जो वनोपज है उसके बने हुए सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी । वही फिल्म फेस्टिवल , लेजर शो विभिन्न तरह के आदिवासी परंपरा के व्यंजन भी परोसे जाएंगे। वही मौके पर एसएसपी किशोर कौशल ने कहा कि करीब 600 जवान सुरक्षा में लगाए गए हैं ।

ट्रैफिक को लेकर किसी तरह की समस्या ना हो इसका पूरी तरह से व्यवस्थित की गई है। न्यूक्लियस मॉल, शहीद अल्बर्ट एक्का चौक और जेल चौक में भी ट्रैफिक को लेकर वैकल्पिक व्यवस्था बनाई गई है । जेल परिसर जहां कार्यक्रम स्थल के अंदर ग्राउंड में करीब ढाई सौ से अधिक वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था है। इसके अलावा भी आसपास के कई जगह पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है ।

# आप आए, बहार आई

प्रभात मंत्र सवाददाता

**मेदिनीनगर** : राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानचित्र पर अकाल और सुखाड़ के लिए विख्यात पलामू जिले में बारिश का होना सुखद संजोग है। पलामू में लगातार हो रहे बारिश से किसानों के चेहरे पर खुशी दिखने लगा है। एक हफ्ता पूर्व तो ऐसा लगा की पलामू पूरी तरह से सुखाड़ की चपेट में आ गया है। पलामू जिले में शशि रंजन जिस दिन से उपायुक्त के रूप में योगदान दिए हैं, उसी दिन से यहां बारिश भी शुरू हो गया है। लोगों का कहना है कि उपायुक्त शशि रंजन पलामू आए तो साथ में बारिश भी लेते आए। पलामू में शशि रंजन का उपयुक्त के रूप में आना एक शुभ संयोग माना जा रहा है। ऐसे, जिले में बारिश कहीं कम तो कहीं ज्यादा है। जहां ज्यादा बारिश है वहां के किसान धान रोपनी का कार्य शुरू कर चुके हैं। लेकिन जहां बारिश

### * डीसी के पद पर शशि रंजन के ज्वाइन करते ही पलामू में शुरू हुआ बारिश



कम है, वहां अभी तक धान की रोपनी शुरू नहीं हुआ है। ऐसे जगह पर वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में रोजगार देने की कवायत भी जिला प्रशासन द्वारा शुरू किया गया है। इस वर्ष तो पूरे झारखंड में सुखाड़ की स्थिति देखी जा रही है। राज्य में सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए सरकार भी चौकन्ना हो गई है। मुख्यमंत्री भी कई बार कह चुके हैं कि उनकी राज्य में सुखाड़ की स्थिति पर नजर है। प्रदेश के अन्य जिलों से पलामू की स्थिति थोड़ा भिन्न है। यह जिला अकाल व सुखाड़ के लिए विख्यात है। अभी लगातार एक सप्ताह से बारिश होने से थोड़ा राहत तो जरूर मिला है। लेकिन यह बारिश किसानों के लिए ज्यादा कारगर नहीं हो पा रहा है। क्योंकि जिले के अधिकांश प्रखंडों में धान की रोपनी मध्यम गति से चल रहा है। इसका मुख्य कारण है बारिश का अभाव। दलहनी फसल की स्थिति कुल मिलाकर ठीक है। जिले में अगर एक सप्ताह के अंदर धान की रोपनी जहां शुरू नहीं होगा, वहां थोड़ा स्थिति विकराल हो सकता है। ऐसे जगहों के किसान धान के बिचड़े खेत में डाल तो दिए हैं लेकिन बारिश के अभाव में वे बिचड़े भी खराब हो रहे हैं। एक सप्ताह पूर्व तो ऐसा लगा की बारिश नहीं होने से पलामू की स्थिति विस्फोटक हो जाएगा। लेकिन जिले में कुछ दिनों से बारिश ने लोगों के चेहरे पर खुशी जरूर ला दिया है। पलामू में सुखाड़ की संभावित स्थिति को लेकर जिले के उपायुक्त शशि रंजन भी काफी गंभीर हैं। और वे स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने अपने मातहत अधिकारियों से आजीविका के लिए योजनाएं शुरू करने का भी निर्देश दे दिया है। इस काम में उपायुक्त के मातहत अधिकारी लग भी गए हैं। संभावना है कि बरसात खत्म होते ही जिले में युद्ध स्तर पर विकास योजनाओं की शुरुआत की जाएगी। ऐसा होने से रोजगार के साधन सृजित होंगे और पलायन भी रुकेगा।

# 13 अगस्त को होगा आयुष कांक्लेव ऑन ट्राइबल हेल्थ का आयोजन : डॉ. राजीव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी,नामकुम रांची के सभागर में आयुष कांक्लेव ऑन ट्राइबल हेल्थ का आयोजन आगामी 13 अगस्त को होगा। इस संबंध में अध्यक्ष डॉ राजीव कुमार ने प्रेस को संबोधित किया और आयोजन सम्बंधी विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एचएमएआई झारखंड स्टेट यूनिट के सचिव डॉ0 बीएन सहाय ÷रंजन÷, उपाध्यक्ष डॉ0 आनन्द कुमार शाही, डॉ0डीएन तिवारी, वाईबीएन यूनिवर्सिटी के चेयरमैन रामजी यादव उपस्थित रहे। आयोजित होने जा रहे सीएमई सेमिनार में देश के विभिन्न राज्यों से 700 से ज्यादा आयुष चिकित्सक सम्मिलित हो रहे हैं।

**सेमिनार में मुख्य स्पीकर के रुप में:** इंटरनेशनल स्पीकर डॉ बीटी रुद्रेश,डॉ सुभाष सिंह डायरेक्टर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ कोलकाता,डॉ मृदुल कुमार साहनी,



पटना, डॉ कुलवंत सिंह पूर्व प्राचार्य सिंहभूम होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल जमशेदपुर, डॉ संजीव कुमार सिंह,बिहार आएंगे। सभी स्पीकर झारखंड के जनजातीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों में होने वाली रक्त सम्बन्धित अनुवांशिक बीमारियां जिनमें एनीमिया, सिकल सेल एनीमिया, थैलेसिमिया, हीमोफीलिया, साथ ही महिलाओं में होने वाली बीमारियां जिनमें इनफर्टिलिटी,पीसीओडी सहित लाइफ स्टाइल डिजीज के कारण एवं आयुष चिकित्सा पद्धति से ईलाज संबंधी विषयों पर अपना व्याख्यान देंगे। समारोह में फर्स्ट पैथी होमियो पैथी मैगजिन का विमोचन किया जाएगा। आयोजन में एचएमए आई झारखंड के सभी जिलावार यूनिट को आयुष बिरसा मेडिसिन बैंक के तहत निःशुल्क दवा का किट वितरण किया जाएगा जिससे उस क्षेत्र के लोगों को आयुष फ्री मेडिकल कैम्प के माध्यम से निःशुल्क चिकित्सा सेवा एवं होमियोपैथिक दवा उपलब्ध कराई जा सके।

**सेमिनार में भाग लेने वाले को मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर किया जाएगा सम्मानित**

सेमिनार में पूरे राज्य से जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी के साथ सभी आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी सहित छात्र छात्राएं एवं दवा कंपनियों के प्रतिनिधियों को आयुष गौरव सम्मान का मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाएगा। समारोह में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ होमियोपैथी कोलकाता पश्चिम बंगाल (भारत सरकार का उपक्रम) से 100 छात्र छात्राएं सम्मिलित होने के लिए आ रहे हैं जिन्हें सम्मानित किया जाएगा। झारखंड, बिहार, बंगाल, उड़ीसा के सभी होमियोपैथिक कॉलेज के प्राचार्यो को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन में आने वाले सभी विशिष्ठ अतिथियों को मोमेंटो देकर विशेष सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

## रूस 11 अगस्त को लॉन्च करेगा चंद्र लैंडर

**मास्को :** रूस ने सोमवार को बताया कि वह इस सप्ताह एक चंद्र लैंडर लॉन्च करने की योजना बना रहा है। यह प्रक्षेपण, शुक्रवार को निर्धारित है। यह प्रक्षेपण ऐसे समय में जब रूस-यूक्रेन के साथ युद्ध दूसरे वर्ष में पहुंच गया है, जिससे पश्चिम के साथ भारी तनाव पैदा हो गया है। 1976 के बाद पहले लूना-25 लैंडर के साथ रूस एक अग्रणी सोवियत-युग के चंद्र कार्यक्रम को फिर से शुरू करने और आगे बढ़ाने का इच्छुक है। रूसी अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि लूना-25 के प्रक्षेपण के लिए रूसी सुदूर पूर्व में वोस्तोचन कॉस्मोड्रोम में एक सोयुज रॉकेट को इकट्ठा किया गया है। रोस्कोस्मोस ने एक बयान में कहा, प्रक्षेपण 11 अगस्त को होगा। लूना-25 को सॉफ्ट लैंडिंग का अभ्यास करना, मिट्टी के नमूने लेना और उनका विश्लेषण करना और दीर्घकालिक वैज्ञानिक अनुसंधान करना होगा। चार पैरों वाले लैंडर, जिसका वजन लगभग 800 किलोग्राम है, के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के क्षेत्र को छूने की उम्मीद है।

# झारखंड की परंपराओं, संघर्षों और इतिहास जानने का अवसर देगा फिल्म फेस्टिवल

### झारखंड के उभरते युवा फिल्म निर्माताओं को मिलेगा मंच

एजेंसी

**रांची :** अनूठी कहानियों, परंपराओं, संघर्षों, दर्शन और इतिहास को करीब से जानने और समझने का अवसर झारखंड आदिवासी महोत्सव - 2023 के फिल्म फेस्टिवल में मिलेगा। जनजातीय फिल्म महोत्सव का उद्देश्य झारखंड के फिल्म निर्माताओं, कलाकारों की प्रतिभा को प्रदर्शित करना और आदिवासी समुदायों को एक साथ एक मंच पर लाकर झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना है। साथ ही आदिवासी समुदाय के ज्वलंत मुद्दे और कथाएं सिनेमा के माध्यम से उजागर हो सकेंगी।

**प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर**

आदिवासी फिल्म महोत्सव राज्य की प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का एक अवसर है, जिन्हें ना केवल



राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर आदिवासी फिल्मों की स्क्रीनिंग से मुख्यधारा के सिनेमा में संवाद के लिए जगह बनेगी और ऐसे जरूरी विषयों पर फिल्में बनाने के महत्व को समझने का अवसर मिलेगा। इससे सबसे अधिक युवा फिल्म निर्माताओं को प्रोत्साहन मिलेगा। यह कार्यक्रम झारखंड के उभरते फिल्म निर्माताओं को प्रोत्साहित करने के लिए मंच भी तैयार करेगा।

**इन फिल्मों का होगा प्रदर्शनः** फिल्म महोत्सव में निर्माता दशरथ हांसदा द्वारा निर्मित फूलमुनी, दीपक बारा की द अगली साइड ऑफ ब्यूटी, दीपक के बेसरा की मोहोत, निजाम की छैला संधु, मेघनाथ की नाची से बांची, बिजु टोप्पो की मुंडारी सृष्टिकथा, अनुज वर्मा की चेरो, एनपीके पुरुषोत्तम की बंधा खेत, प्रियंका पूर्ति की हॉर्नर्टन रिमिल, रूपेश साहू की रैट ट्रैप इत्यादि जनजातीय फिल्मों के माध्यम से झारखंड की परंपराओं, संघर्षों और इतिहास जानने का अवसर प्राप्त होगा।

# योगी सरकार दिव्यांगों को दे रही है दस हजार रुपये का ऋण



एजेंसी

**कानपुर :** उत्तर प्रदेश सरकार के अनुदान से सूबे के दिव्यांग आत्मनिर्भरता की आगे बढ़ेंगे। योगी सरकार दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ढाई हजार अनुदान के साथ ही दस हजार रुपये का ऋण भी दे रही है। योजना का लाभ लेने के लिए दिव्यांगों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। यह जानकारी मंगलवार को जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विनय उत्तम ने दी।उन्होंने बताया कि कानपुर जिले के सभी दिव्यांगजन जो अपना स्वरोजगार करके आत्मनिर्भर बनना चाहते हैं, उनके सहयोग के लिए योगी सरकार दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित दुकान संचालन योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन फार्म मांगे है। दुकान संचालन योजना के तहत पात्र दिव्यांगों को दस हजार रूपये की धनराशि स्वीकृत की जाती है, जिसमें 7,500 रुपये का ऋण 4 प्रतिशत साधारण ब्याज पर एवं ढाई हजार रूपये का अनुदान दिया जाता है।उन्होंने बताया कि सभी इच्छुक एवं पात्रता रखने वाले ऐसे दिव्यांगजन जिनके खिलाफ कोई आपराधिक अथवा आर्थिक मामलों में सजा न हुआ हो। इसके साथ ही यह भी अनिवार्य है कि वह सरकार का किसी तरह से कर्जदार न हो।जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी ने बताया कि वेवसाइट-http://divyangjan-dukan.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जा सकते हैं। आवेदन करने के लिये आवेदक की दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला नवीनतम फोटो, आवेदक का आयु प्रमाण प्रमाण पत्र जिसमें जन्मतिथि का अंकन हो और आयु 18 वर्ष से अधिक तथा 60 वर्ष से कम हो, मुख्य चिकित्साधिकारी स्तर से निर्गत न्यूनतम 40 प्रतिशत दिव्यांग प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र (गरीबी रेखा के लिये निर्धारित आय सीमा के दो गुने से अधिक न हो), अधिवास (निवास) प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की प्रतिलिपि, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित खाता तथा गारंटी होना चाहिये।

## राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन टीम ने लिया हरिद्वार में बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा

**हरिद्वारः** राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के संयुक्त सचिव हर्ष गुप्ता के नेतृत्व में हरिद्वार पहुंची केंद्रीय टीम ने जल भरा हुआ बाढ़ से प्रभावित विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया और जनपद के अधिकारियों के साथ बैठक की। मंगलवार को जनपद में भारी वर्षा के कारण हुई क्षति के आकलन के लिए अन्तर मंत्रालयीय केन्द्रीय टीम के साथ जिला स्तरीय अधिकारियों की एक बैठक में जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने बताया कि पूर्व की अपेक्षा इस वर्ष जुलाई माह में अधिक वर्षा हुई है। जनपद के शहरी व ग्रामीण इलाकों में 398 क्षेत्रों में जल भराव की स्थिति पैदा हुई, जिनमें से हरिद्वार नगर निगम के ही 48 क्षेत्रों में जल भराव हुआ। सोलानी नदी के तेज बहाव से कई जगह तटबन्ध टूटने से लक्सर, खानपुर और रुढकी में तुरन्त एनडीआरएफ, एसडीआरएफ तथा पीएसी की टीमें तैनात की गयीं।

# वन भूमि का पट्टा देने में छत्तीसगढ़ बना देश का अग्रणी राज्य

एजेंसी

**रायपुर :** छत्तीसगढ प्राकृतिक वन संपदा और यहां सदियों से निवासरत आदिवासी समुदाय राज्य की एक अलग पहचान हैं। यहां की पहचान लोक कला संस्कृति रीति रिवाज, नृत्य महोत्सव अपनी गौरवशाली संस्कृति को बनाकर रखी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आदिवासियों को उनके सभी अधिकार पहुंचाने की जो पहल शुरू की वनांचल क्षेत्र में बरसों से रहने वाले आदिवासी परिवारों को वन अधिकार पत्र दिया गया है। ताकि अपने काबिज भूमि में खेती बाड़ी से आर्थिक तरक्की कर सके। मुख्यमंत्री ने किसानों की जमीन वापसी तेंदूपत्ता संग्रहण दर को 2500 रुपये प्रति मानकर बोरा से बढ़ाकर 4 हजार रुपये प्रति मानक बोरा करके किसानों के चेहरे पर मुस्कान लाई है। वेल्यू एडीशन करके हमने न सिर्फ़ वनवासियों की आय में



बढ़ोतरी की है। बल्कि रोजगार के अवसरों का भी निर्माण किया है। छत्तीसगढ़ सरकार आदिवासी समुदाय के जुड़े हर मसले को पूरी संवेदनशीलता और तत्परता से निराकरण करने के साथ उनकी बेहतरी के लिए कदम उठा रही है।विगत साढ़े चार वर्षों में 59 हजार 791 व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र वितरित किए गए है, जिसका कुल रकबा 33,238.504 हेक्टेयर। इसी प्रकार 25 हजार 109 सामुदायिक वन अधिकार पत्र वितरित किए गए है, जिसका कुल रकबा 11,81,587.935 हेक्टेयर। देश में सर्वप्रथम नगरीय क्षेत्र में व्यक्तिगत वन अधिकार, सामुदायिक वन अधिकार एवं सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र प्रदाय करने की कार्यवाही छत्तीसगढ़ राज्य में की गई।

इसके साथ ही विभिन्न जिलों में अब तक 3,964 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार मान्य किए गए हैं, इनका कुल रकबा 17,292,37.103 हेक्टेयर। राज्य में अब तक विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह को 23 हजार 571 व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र, जिनका 19,124.408 हेक्टेयर, वन भूमि इसी प्रकार 2360 सामुदायिक वन अधिकार पत्र, कुल रकबा 1,22,679.174 हेक्टेयर और 184 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र दिया गया है, कुल रकबा 1,44,525.947 हेक्टेयर प्रदान किया गया।